संक्षेप

## आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा शांतिभंग की आशंका को लेकर लालगंज पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के डगरारा गांव में बीती इक्तीस जनवरी को क्षेत्रीय लेखपाल नायब तहसीलदार के साथ पहुंचे। राजस्व टीम द्वारा न्यायिक आदेश का अनुपालन कराने की प्रक्रिया शुरू हुई कि इसी बीच गांव के सुभाष सरोज, राजेश सरोज, राधे सरोज व भगवती सरोज पुत्रगण रामलखन द्वारा शांतिभंग का प्रयास किया गया। तहरीर के मुताबिक इससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। तहरीर के आधार पर आरोपी सुभाष समेत चार के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर जातिसूचक गाली देने व लाठी डंडे और धारदार हथियार से लैस होकर हमला करने की घटना मे लालगंज पुलिस ने पांच नामजद तथा आधा दर्जन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के उधरनपुर निवासी विनोद सरोज पुत्र छोटे लाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह अप्रैल को रात करीब नौ बजे उसके घर पर गांव के धर्मेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, विवेक यादव, श्यामा देवी व अमरनाथ यादव तथा पांच छः अज्ञात रंजिशन आ धमके। आरोपियो ने पीडित व उसके परिवार के सदस्यो को जातिसूचक गालियां दी। मना करने पर चाकू व लाठी डंडा लेकर हमलावर हो उठे। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र यादव समेत दर्जन भर आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व गालीगलौज समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## महिला की पिटाई को लेकर तीन के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। फसल की मडाई के विवाद में महिला की पिटाई को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ गालीगलौज एवं मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे पण्डित उमरार निवासी बिटटू पत्नी रामखेलावन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सोलह अप्रैल को सायं छः बजे वह गेहूं की फसल की मडाई के लिए रामप्रकाश के टैव्क्टर के पास गयी। उसने अपने फसल की मडाई की बात की तब इससे चिढ़कर गांव के करन पुत्र पुरखा सरोज, राहुल पुत्र सुरेश सरोज, सुरेश के रिश्तेदार हरिराम सरोज गालीगलौज करने लगे। पीडिता ने मना किया तो आरोपियो ने मारपीट शुरू कर दी। बीचबचाव को पीडिता की पुत्री काजल भी पहुंची तो उसे भी आरोपियो ने मारापीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी करन समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। युवती के लापता होने को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कसिहा निवासी सरिता चौरसिया पुत्री राधेश्याम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोलह अप्रैल को सुबह दस बजे उसकी उन्नीस वषीर्या बहन घर से बाहर गयी थी। इस बीच गांव के ही अंकित पुत्र ओमप्रकाश यादव उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## होटल के कमरे में महिला ने की एक व्यक्ति की हत्या, गिरफ्तार

आगरा। आगरा में एक होटल में शुक्रवार को एक व्यक्ति की उसकी महिला साथी ने बेरहमी से कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला ने पहले हथौड़े से वार किया और फिर धारदार हथियार से हमला कर व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मौके से आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया और पूछताछ जारी है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

पश्चिमी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य ने बताया कि खिल्लो (36) नाम का व्यक्ति और उसकी महिला साथी शुक्रवार को होटल में आए थे तथा दोपहर करीब 12 बजे होटल कर्मचारियों ने पुलिस को कमरे में हत्या की सूचना दी।

# पात्रजनों को मिलें सुविधाएं

## ग्राम चौपाल में उठी गांव की आवाज




जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शुक्रवार, 17 अप्रैल को विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर-7 स्थित रमवापुर प्राथमिक विद्यालय में 'ग्राम चौपाल-गांव की समस्या, गांव में समाधान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत खंड विकास अधिकारी बर्डपुर द्वारा जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने के साथ हुई। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन का मुख्य उद्देश्य गांवों में ही चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सीमावर्ती गांवों में बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी और सड़कों की व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया। किसानों के हितों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया, ताकि उन्हें खाद, बीज और अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल क्षति का मुआवजा दिलाने और किसान सम्मान निधि से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिल सके। उन्होंने वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन से वंचित लोगों को तत्काल लाभ दिलाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने, वरासत (उत्तराधिकार) के मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने और भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

## बांसी ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप, जांच की मांग तेज




सिद्धार्थनगर। जनपद के बांसी ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव मनिराम वर्मा पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि उनके चार्ज में आने वाली लगभग दर्जन भर ग्राम पंचायतों के पात्र ग्रामीण लंबे समय से ब्लॉक का चक्कर काटते-काटते परेशान हो चुके हैं। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। आरोप है कि प्रति प्रमाण पत्र 500 रुपये तक लिए जा रहे हैं, जिसके बाद ही प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इस कथित वसूली से गरीब और जरूरतमंद परिवारों में भारी नाराजगी है। वहीं दूसरी ओर, मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि लाखों रुपये के सरकारी धन से कराए गए कार्य मानकों के विपरीत हैं। कई कार्यों को स्टीमेट के विरुद्ध और गुणवत्ता विहीन बताया जा रहा है, जिससे वित्तीय अनियमितता और संभावित घोटाले की आशंका जताई जा रही है।

इन सभी आरोपों के चलते क्षेत्र में चचाओं का माहौल गर्म है और मामला सुर्खियों में बना हुआ है। ग्रामीणों और नागरिकों ने मांग की है कि किसी स्वतंत्र एवं विशेष जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। हालांकि, इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत सचिव मनिराम वर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि यह सब उनके खिलाफ साजिश के तहत किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पहुंच ब्लॉक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक है और किसी भी जांच से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। फिलहाल, मामला तूल पकड़ता जा रहा है और अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है और क्या वास्तव में निष्पक्ष जांच कराई जाती है या नहीं।

## महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिष्ठित महिलाओं ने साझा किए विचार




श्रावस्ती। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित नारी शक्ति वंदन अभियानह्व के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में एक गरिमामयी एवं प्रभावशाली प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद की वरिष्ठ महिला अधिकारियों, चिकित्सकों तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात एवं प्रतिष्ठित महिलाओं ने सहभागिता कर अभियान के व्यापक महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा डॉ. अनीता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक एवं मील का पत्थर सिद्ध होने वाला निर्णय है। यह अधिनियम महिलाओं को नीति-निर्माण एवं प्रशासनिक तंत्र के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है, जिसका मूल उद्देश्य विधायी संस्थाओं में महिलाओं की सहभागिता को सुदृढ़ करना है। डॉ. प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना तब तक साकार नहीं हो सकती, जब तक महिलाओं का सर्वांगीण सशक्तिकरण सुनिश्चित न किया जाए। उन्होंने इसे राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सुदृढ़ एवं सार्थक पहल बताया। वहीं डॉ. प्रिया त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम केवल एक विधिक प्रावधान नहीं, बल्कि महिला नेतृत्व आधारित विकास की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है, जो समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। डॉ. शगुफ्ता शाहीन ने कहा कि यह अधिनियम उन असंख्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जो राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प रखती हैं। यह अभियान महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ-साथ राष्ट्र को अधिक समावेशी, सशक्त एवं प्रगतिशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधारशिला सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.के. दास, जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं सूचना विभाग के कर्मचारीगण सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं एवं बालिकाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## जनहित में सक्रिय दिखे सीडीपीओ अभय सिंह, बच्चों में बांटी खुशियां



सिद्धार्थनगर। जनपद के मिठवल ब्लॉक में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) अभय सिंह की कार्यशैली एक बार फिर चर्चा में रही। गत शुक्रवार को उन्होंने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के साथ एक आवश्यक बैठक कर शासन की उच्च प्राथमिकताओं को गंभीरता से लागू करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, शिशुओं तथा छोटे बच्चों को मिलने वाले बाल पुष्टाहार एवं टीएचआर का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचना ही प्राथमिक लक्ष्य है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीपीओ अभय सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए। कुछ कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के विरुद्ध मिली शिकायतों पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए जमकर फटकार लगाई और स्पष्ट किया कि कार्यशिथिलता या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी और दोष सिद्ध होने पर कार्रवाई तय है। इसी क्रम में, एक सराहनीय पहल के तहत सीडीपीओ अभय सिंह ने एक संस्था के सहयोग से स्कूली बच्चों को किट, खेल सामग्री एवं अन्य उपयोगी उपहार वितरित किए। इन उपहारों को पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। स्कूली बच्चों ने सीडीपीओ अभय सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके इस प्रयास की सराहना की। उनके इस कदम को न केवल शिक्षा बल्कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

# बच्चों में समय से करें एनीमिया की पहचान

## एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न



श्रावस्ती। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और कुपोषण व एनीमिया जैसी गंभीर समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें गोरखपुर एम्स एवं यूनिसेफ द्वारा संचालित एसआरसीएन परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ सभी ब्लॉकों के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (एमओआईसी), ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम), ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (बीसीपीएम), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीमें तथा एमसीटीएस ऑपरेटर उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र में संचालित गतिविधियों और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों की नियमित जांच एवं उपचार सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही सैम (गंभीर तीव्र कुपोषण) प्रबंधन कार्यक्रम को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए, ताकि कुपोषित बच्चों की समय रहते पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सके।

बैठक के अंत में सीएमओ ने सभी अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए कार्यक्रम की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा।

## आंगनवाड़ी में नियुक्ति के लिए रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर- आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने भनवापुर ब्लॉक कार्यालय में तैनात एक कनिष्ठ सहायक को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को की गई इस कार्रवाई से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष कुमार पुत्र सुभाष चंद्र के रूप में हुई है। जो संतकबीरनगर के धनघटा थाना क्षेत्र का निवासी है। भनवापुर ब्लॉक में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि मनीष कुमार ने एक शिकायतकर्ता से उसकी पत्नी को आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्त कराने के नाम पर 15 हजार रुपए की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन, बस्ती मंडल की टीम ने मामले का सत्यापन किया और जाल बिछाया। तय योजना के तहत जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपी को रिश्वत की रकम सौंपी, टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोतवाली बांसी ले जाया गया। जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार ने बताया कि मेरी पत्नी के आंगनबाड़ी के नियुक्ति के लिए मनीष यादव द्वारा लगातार पैसे की डिमांड की जा रही थी। जिस कारण एंटी करप्शन को शिकायत किया। गुरुवार को टीम ने 15000 रुपए लेते मनीष यादव गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि श्यह कार्रवाई पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर की गई है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों में भ्रष्टाचार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आयुष्मान कार्ड व कृषक दुर्घटना बीमा योजना के हुए पंजीकरण

## सरयू समाज कल्याण संस्थान के बैनरतले आयोजन को लेकर विधायक मोना की हुई सराहना



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालयों पर लगे विशेष शिविरो मे कृषक दुर्घटना बीमा तथा आयुष्मान कार्ड के जरूरतमंदो को लाभान्वित होते हुए देखा गया। सरयू समाज कल्याण संस्थान की ओर से लगे शिविर में रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मे छत्तीस तथा लालगंज में बारह व सांगीपुर में ग्यारह लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण हुआ। लाभार्थियो को ये आयुष्मान कार्ड चौबीस घंटे बाद जनसेवा केन्द्रों से निर्गत होंगे। वही लालगंज एवं सांगीपुर मे कृषक दुर्घटना बीमा के तीन-तीन आवेदन निस्तारण की प्रक्रिया में अग्रसारित हुए। विशेष शिविर को लेकर दिन भर ब्लाक मुख्यालयो पर लाभार्थियो की भीड जुटी दिखी। आयुष्मान कार्ड व कृषक दुघर्टना बीमा के आवेदनो के लिए अलग अलग काउण्टरो पर अफसरो की देखरेख मे कर्मचारियो को निस्तारण की प्रक्रिया के लिए मशक्कत मे देखा गया। लालगंज मे विशेष शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने किया। शुभारंभ पर वर्चुअल संबोधन में विधायक एवं सरयू समाज कल्याण संस्थान की सचिव आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि जरूरतमंद की मदद ही सेवा का आदर्श है। उन्होने आयोजन समिति की ओर से इस मिशन में सहयोग के लिए अफसरो तथा संस्थान के स्वयं सेवकों व कार्यकताओं के प्रति आभार भी जताया। शिविर का संयोजन विधायक प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने किया। रामपुर संग्रामगढ़ मे शिविर का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकरमणि व संयोजक भुवनेश्वर शुक्ल तथा सांगीपुर में शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व खण्ड विकास अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव ने किया। सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने शिविर के प्रबन्धों की देखरेख की। सह संयोजक आशीष उपाध्याय ने बताया कि शिविर में कुल उन्सठ आयुष्मान कार्ड के पंजीकरण हुए हैं। वहीं उन्होने बताया कि छः कृषक दुर्घटना बीमा के आवेदन पत्रों को स्वीकृति के लिए संस्तुति किया गया है। आयोजन समिति के ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राकेश चतुवेर्दी, जिपंस लालजी यादव, उधम सिंह, राजू मिश्र, बद्री प्रसाद जायसवाल, रोहित सिंह, लव सिंह, मुरलीधर तिवारी को शिविरार्थियों की मदद मे जुटे देखा गया। आयुष्मान कार्ड के लाभान्वितो को कल्याणकारी शिविर मे सुविधाओं के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रति आभार भी जताते देखा गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

अमेठी। जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में शुकुल बाजार रोड क्रॉसिंग के पास एक ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मुसाफिरखाना थाने के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला व बच्चों की पहचान के लिए आसपास के गांवों में सूचना भेजी गई है। एसएचओ ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष के करीब होगी। मृतक बच्ची की उम्र तीन वर्ष के आसपास है जबकि घायल लड़के की उम्र लगभग छह वर्ष है। मुसाफिरखाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के चिकित्सक हिंदेश द्विवेदी के मुताबिक बृहस्पतिवार की देर शाम पुलिस एक अज्ञात महिला व उसके दो बच्चों को लेकर अस्पताल आयी, जिनमें महिला और एक बच्ची की मौत हो चुकी थी जबकि लड़का गंभीर रूप से घायल था। लड़के को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय गौरीगंज ले जाया गया है।

## पिकअप पलटी, ड्राइवर-खलासी घायल, 300 मुर्गियों की मौत



सिद्धार्थनगर- 17 अप्रैल शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर गौहनिया चौराहे के पास मुर्गियों से लदी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में सैकड़ों मुर्गियों की मौत हो गई। जबकि चालक और दो खलासियों को मामूली चोटें आईं। मामला चिल्हिया थाना क्षेत्र का है ! जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन तुलसीपुर से मुर्गियों का भार लेकर नौगढ़ की ओर जा रहा था। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे गौहनिया चौराहे के पास पहुंचते ही चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और पिकअप सड़क किनारे पलट गई। बताया जा रहा है कि वाहन में लगभग 18 से 20 क्विंटल मुर्गियां लदी थीं, जो उसकी क्षमता से अधिक थीं। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर जेसीबी मशीन बुलाई गई, जिसकी मदद से पलटे हुए वाहन को सीधा कर सड़क किनारे हटाया गया। इससे यातायात सुचारु हो सका। जीवित बची मुर्गियों को दूसरे पिकअप वाहन में लोड कर आगे भेजा गया। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना की मुख्य वजह ओवरलोडिंग मानी जा रही है। पिकअप में उसकी पासिंग क्षमता से अधिक मुर्गियां लादी गई थीं, जिसके कारण वाहन असंतुलित हो गया और चालक नियंत्रण खो बैठा। इससे भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।

## बांसी ब्लाक के रोजगार सेवकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बांसी सिद्धार्थनगर- जिले बांसी ब्लाक में ग्राम रोजगार सेवकों एवं पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गत शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) की अनुपस्थिति में एडीओ आईएसबी किरण को सौंपा गया। एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रकाश मिश्र ने बताया कि उनकी कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिनका समाधान सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर रोजगार सेवक और मनरेगा कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, अनिल चौधरी, ममता त्रिपाठी, दास सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभायें महिलाएं

जिला संवाददाता





**श्रावस्ती।** भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी और परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। लंबे समय तक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक बाधाओं के कारण राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति सीमित रही, लेकिन अब यह अधिनियम उन्हें समान अवसर, सम्मान और निर्णायक भूमिका प्रदान करने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

जनपद श्रावस्ती में भी इस अधिनियम की प्रेरणा स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। सशक्त महिला के रूप में पूजा पाण्डेय ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य करते हुए न केवल स्वयं को एक सशक्त व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी जागरूक और सक्रिय बनाया है। उनके प्रयासों से जिले की अनेक महिलाएं अब सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। इस अभियान में डॉ. प्रतिभा शुक्ला, अनीता सिंह सहित कई महिलाओं का सहयोग उल्लेखनीय रहा है, जिन्होंने सामूहिक रूप से महिला जागरूकता को नई दिशा दी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मूल उद्देश्य संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करना है, जिससे वे नीति-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभा सकें। यह अधिनियम महिलाओं को केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता के रूप में स्थापित करता है। इसके प्रभाव से राजनीति में महिलाओं की स्थिति में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद की जा रही है। अब महिलाएं शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता देते हुए स्वयं को राजनीतिक रूप से सक्षम बना रही हैं। पंचायत और नगर निकाय जैसे स्थानीय स्तर से शुरूआत कर वे नेतृत्व की सीढ़ियां चढ़ रही हैं। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी और डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर वे अपनी आवाज को व्यापक मंच तक पहुंचा रही हैं। यह अधिनियम नई पीढ़ी की युवतियों के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है, जो अब आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व की भूमिका निभाने का सपना देख रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। आने वाले समय में यह स्पष्ट रूप से देखा जाएगा कि महिलाएं न केवल राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी, बल्कि राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाते हुए भारत को एक समतामूलक और प्रगतिशील समाज की ओर अग्रसर करेंगी।

## नीलगाय से टकराई बाइक, दो लोगों की मौत

गाजीपुर। जिले में तेज रफ्तार एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीलगाय से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मृतकों की पहचान शैलेन्द्र राजभर (35) और राजेश राजभर (45) के रूप में हुई जबकि घायल मुद्रिका राजभर का इलाज राजकीय अस्पताल में जारी है।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात तीनों लोग एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर रायपुर-बाघपुर की ओर जा रहे थे। जागोपुर घरीहा गांव से गुजरते समय तेज रोशनी को देख एक नीलगाय बाइक के सामने आ गई, जिससे वाहन चालक का नियंत्रण खो गया और मोटरसाइकिल नीलगाय से टकरा गयी।

थाना प्रभारी तारावती यादव ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची।

## पुल तोड़कर अनियंत्रित ट्रक टोंस नदी में गिरा, खलासी की मौत

बलिया। जिले के फेफना थाना क्षेत्र में एक ट्रक के अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर टोंस (तमसा) नदी में गिर जाने से ट्रक के खलासी की मौत हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे वाराणसी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, बलिया-वाराणसी राजमार्ग पर बृहस्पतिवार/शुक्रवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे कोयला लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर फेफना और चितबड़गांव के मध्य स्थित टोंस नदी के पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए नदी में पलट गया।

# तीन युवक डूबे, तलाश जारी

## एसडीआरएफ की टीम और गोताखोरों का सर्च ऑपरेशन जारी



सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजरहा स्थित राप्ती नदी में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां नहाने के दौरान तीन युवक गहरे पानी में डूब गए। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश में जुट गई। एसडीआरएफ टीम भी युवकों की तलाश कर रही। समाचार लिखे जाने तक अभी कोई सफलता नही मिल सकी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिलुआताल इलाके के ग्राम काजीपुर निवासी शिव साहनी पुत्र राम लखन, (20) वर्ष, ग्राम बरियारपुर निवासी बंटी पुत्र कृपा यादव (19) वर्ष व शुभम यादव पुत्र विनोद यादव, (18) वर्ष शुक्रवार की दोपहर में बंजरहा गांव के पास राप्ती नदी के निमार्णाधीन पुल के पास नहाने गए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान में जुट गई। साथ ही घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम भी युवकों की तलाश में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों युवक आपस में परिचित थे और गर्मी के चलते नदी में नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान वे गहराई में चले गए और देखते ही देखते पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, राप्ती नदी के इस हिस्से में अचानक गहराई बढ़ जाती है, जिससे अनजान लोग अक्सर हादसे का शिकार हो जाते हैं।

मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है। वहीं तीनों युवकों के परिजन भी घटनास्थल पर मौजूद हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार वालों का कहना है कि वे सामान्य रूप से नहाने गए थे, लेकिन अचानक यह हादसा हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र भी तत्काल मौके पर पहुंचे और पूरे बचाव अभियान की निगरानी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्च ऑपरेशन में तेजी लाई जाए और हर संभव संसाधन का उपयोग किया जाए, ताकि जल्द से जल्द युवकों का पता लगाया जा सके।

### दम्पति को पीटा, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा मीरपुर में जमीनी बिवाद को लेकर पट्टीदारो ने घर में घुस पति पत्नी को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल की।

# दो झोपड़ीनुमा घर जलकर खाक, लाखों का नुकसान



मझगांवा, गोरखपुर। विकास खंड गगहा के भौसहा बुजुर्ग गांव में गुरुवार देर शाम अज्ञात कारणों से लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। इस अग्निकांड में गांव निवासी गुलाब साहनी और रामचंद्र साहनी के दो झोपड़ीनुमा घर जलकर पूरी तरह खाक हो गए। हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, दोनों झोपड़ियों के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जो देखते ही देखते फैल गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। रामचंद्र साहनी की झोपड़ी में एक छोटी दुकान भी संचालित हो रही थी। आग में खेत से कटा हुआ गेहूं, दुकान में रखी नकदी, जरूरी दस्तावेज, तख्त, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।

वहीं, गुलाब साहनी की झोपड़ी में रखा भूसा और गेहूं भी पूरी तरह जल गया। घटना के बाद दोनों परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं।

पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे और सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग से गांव में जर्जर तारों को बदलने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्पीड शताब्दी एक्सप्रेस से भी तेज, सैकड़ों ने दर्ज करायी शिकायत



इटावा। बिजली विभाग की ओर से इन दिनों स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिसे लेकर उपभोक्ताओं को समस्याएं आ रही हैं। शुक्रवार को विभाग की ओर से स्मार्ट मीटर संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए कैंप लगाया गया, जिसमें काफी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे और यह सभी स्मार्ट मीटर से परेशान थे। इन उपभोक्ताओं की एक ही बात थी कि स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मी लगाए जाए। उपभोक्ताओं का कहना था कि इन मीटरों में जितना बिल आ रहा है उतना बिल वेनहीं भर पाएंगे। इन मीटरों की स्पीड तो शताब्दी एक्सप्रेस की स्पीड से भी तेज है। सोलर संयंत्र लगाने के बाद भी स्मार्ट मीटर परेशान कर रहे हैं। अधीक्षण अभियंता ऋषभ देव, अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा व एसडीओ फस्ट नवनीश कुमार, एसडीओ द्वितीय मनोज कुमार वर्मा आदि ने जनता की समस्याएं सुनी। कैंप में शहर के मोहल्ला कटरा बल सिंह की करीब एक दर्जन महिलाएं पहुंची। इनका कहना था कि उनके मोहल्ले में स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं और अब इनका बिल बहुत आ रहा है। उनके घरों में एयर कंडीशनर नहीं हैं। कूलर चलने की अभी शुरूआत भी नहीं हुई है इसके बाद भी अनाप-शनाप बिल आ रहा है। मीटर की स्पीड बहुत तेज है और इतना बिल वे कैसे भर पाएंगे। पहले जब स्मार्ट मीटर नहीं लगा था उसकी तुलना में तीन से चार गुना तक बिल आ रहा है। इनका कहना है कि उनके आवासों पर फिर पुराने मीटर लगाए जाएं जिनका बिल वे जमा कर सकें। कैंप में पहुंची कटरा बल सिंह की ज्ञानवती, इंदिरा देवी, संध्या सैनी, सुनीता, रीना गुप्ता, आशा देवी ने कहा कि इसे लेकर उन्होंने पहले भी अधिकारियों को समस्या बताई थी लेकिन कोई निदान नहीं हुआ।

# महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं : ई. सरवन निषाद

## चौरीचौरा विधायक ने किया ब्यूटीशियन प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा नगर पंचायत के ज्योति साइन सैलून एंड एकेडमी द्वारा मेकअप प्रतियोगिता का भव्य आयोजन डुमरी खुर्द में स्थित श्रीराम पार्टी लॉन में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाओं को चौरीचौरा विधायक इंजीनियर सरवन निषाद ने ब्यूटीशियन प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। विधायक सरवन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है। आज सरकार भी नारी शक्ति को बढ़ाने देने के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चला रही है। नगर पंचायत चौरीचौरा के चेयरमैन सन्नी जायसवाल की धर्म पत्नी समाजसेविका श्वेता जायसवाल, पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन सुनीता गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल ने ज्योति साइन सैलून एंड एकेडमी द्वारा आयोजित मेकअप प्रतियोगिता की काफी सराहना करते हुए कहा कि नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनने के लिए ज्योति साइन सैलून एंड एकेडमी का सराहनीय योगदान है। ज्योति साइन सैलून एंड एकेडमी की संचालिका ज्योति जायसवाल ने प्रतियोगिता में आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर रूबी गुप्ता, शिवानी, बंधना, पायल, खुशबू, सुमन, अनुराधा, मंजू, सरिता, अनीता, संध्या, प्रियंका, अंकिता ओझा, ममता, अर्चना, खुशी, सविता, प्रीति, संजू, आरती, प्रिया, रानी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



# छात्र कार्तिक ने 96.0 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया



इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. की कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रर्दशन किया। सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में छात्र, छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा-10 कार्तिक कुशवाहा ने 96.0 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 के अर्जुन अवस्थी ने 93.8 प्रतिशत, अंश पांडेय 90.8 ने प्रतिशत, श्रेष्ठ ने 90.8 प्रतिशत, गौरवी दुबे ने 90.4 प्रतिशत, अंश पाठक ने 90.0 प्रतिशत, अंक पाकर समस्त विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने के क्षण प्रदान किये। विद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य डाक्टर धर्मेन्द्र शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नारायन कॉलेज ने सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। इसके लिये विद्यालय के सभी योग्य शिक्षकों की मेहनत, लगन और समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की जानी चाहिये। विद्यालय के चेयरमैन इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी, इंजीनियर अंकित तिवारी व डाक्टर श्वेता तिवारी ने प्रधानाचार्य डाक्टर धर्मेन्द्र शर्मा एवं समस्त शिक्षकों को इस शानदार प्रदर्शन के लिये बधाई दी। साथ ही इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी अर्जुन सिंह, स्कूल कोर्डिनेटर उरूसा रिजवान, रूपेश कुमार, सचिन तिवारी एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# नारी शक्ति का संदेश देने को छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला



पिपरौली, गोरखपुर। कस्बा पिपरौली बाजार स्थित सरस्वती देवी इंटर कॉलेज में हृनारी शक्ति वंदन के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नारी सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम की विशेषताओं एवं उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है और नई पीढ़ी को इस दिशा में जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में रामेश्वर सिंह, अभय त्रिपाठी, दयाराम एवं अनुपमा सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता कर इसे सफल बनाया।

# गीडा के औद्योगिक कचरे से 'जहरीली' हुई आमी और राप्ती नदी

## किसान नेता ने सौंपा ज्ञापन



मझगांवा, गोरखपुर। औद्योगिक क्षेत्र गीडा से निकलने वाले दूषित पानी और रासायनिक कचरे ने आमी और राप्ती नदियों के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है। किसान जन मोर्चा के संयोजक विकास सिंह ने इस गंभीर मुद्दे पर जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, गीडा की विभिन्न कंपनियों से निकलने वाला गंदा पानी आमी नदी के माध्यम से सोहगौरा और कौड़ीराम के पास राप्ती नदी में मिल रहा है। नदी में पानी का प्रवाह कम होने के कारण यह दूषित जल एक ही स्थान पर जमा हो गया है, जिससे पूरे इलाके में भयंकर दुर्गंध फैल गई है। लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है।

किसान नेता विकास सिंह ने कहा की नदी के तटवर्ती गांवों में सोहगौरा से लेकर असवनपार तक करीब दो दर्जन गांव में जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कई लोग त्वचा संबंधी रोगों की चपेट में आ चुके हैं। नदियों का पानी पीने से मवेशी बीमार हो रहे हैं और जलीय जीव व मछलियां मर रही हैं। नदियों के प्रदूषित होने से सबसे अधिक मार मछुआरा समाज पर पड़ी है। मछलियों के मरने और पानी के जहरीला होने के कारण उनका मछली मारने का पुश्तैनी काम बंद हो गया है, जिससे उनके सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। किसान जन मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों में जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश है।

# सेंटमेरी के रियांश चतुर्वेदी 98.8 प्रतिशत अंक पाकर बने जिला टॉपर



इटावा। सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में सेंटमेरी इंटर कालेज के मेधावी छात्र छात्राओं ने जनपद में अपना परचम फहराया ।मेधावी छात्र रियांश चतुर्वेदी 98.8 प्रतिशत अंक पाकर जनपद टॉपर बने, राजवर्धन दुबे 98.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय टॉपर व संस्कृति त्रिपाठी व वैष्णवी यादव ने 98.2 अंक पाकर जनपद में तृतीय टॉपर बनकर इतिहास रचा ।सेंटमेरी इंटर कालेज के प्रिंसिपल डा.फादर शीजू जॉर्ज के कुशल नेतृत्व व अनुशासन में संस्था ने एक बार फिर जनपद में सेंटमेरी का परचम फहराया।

सेंटमेरी इंटर कालेज के मैनेजर फादर बिंसन, वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने सीबीएसई हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है ।उन्होंने बताया कि 106 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर सेंटमेरी का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सेंटमेरी के मेधावी छात्र छात्राओं में यशस्वी ने 98 प्रतिशत अंक, शुभम यादव 97.4, आर्यन सिंह चैहान, मेघना सोती व राशि यादव 97.2, अन्वेषा मिश्रा 97, काशवी चैधरी 96.8, शिवांश गुप्ता, शौर्य श्रीवास्तव 96.6, तेजस सिंह, वंशिका सिंह 96.4, जानवी पाण्डेय, हर्षवर्धन पाठक 96.2, गौरवी तिवारी 96, आस्था यादव, देवांश पटेल, नौशाबा अंसारी, प्रियांश रावत 95.8, वंशिका सिंह, ईशान अग्रवाल 95.4, ऋषभ वर्मा, शशांक शेखर, ओम जी, निकुंज मित्तल 95.2, प्रशांत गुप्ता, निष्ठा मिश्रा व सक्षम सिंह 95 प्रतिशत सहित 31 छात्र छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर सिस्टर स्नेहा मैथ्यू, सिस्टर सोफी रोज सहित सेंटमेरी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय स्तर पर खुशी राष्ट्र प्रेरणा सम्मान से सम्मानित होंगे सचिन गौरी वर्मा

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं चौरी चौरा रत्न से सम्मानित समाजसेवी सचिन गौरी वर्मा को वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में खुशी राष्ट्र प्रेरणा सम्मानह्न से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम 19 अप्रैल दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा,। जिसमें देशभर के चुनिंदा समाजसेवियों को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन बीजेपी दिव्यांग प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका एडवोकेट सारिका दुबे द्वारा बीएचयू के सेमिनार कॉम्प्लेक्स (इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस) में किया जा रहा है। उक्त अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राम प्रकाश दुबे, भाजपा प्रदेश मंत्री मीना चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या तथा वाराणसी विकास प्राधिकरण के बोर्ड सदस्य अम्बरीष सिंह भोला सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे इस उपलब्धि पर उनके गुरु डॉ० दिनेश मणि त्रिपाठी ने सचिन गौरी वर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

### श्रद्धा से लिया प्रसाद

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के बलरई गांव स्थित मोहल्ला विकास नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

### सूचना

सूचित करना है कि मेरी पुत्री का सही नाम आशिका सिंह व जन्मतिथि 01.05.2012 है। जो कि शैक्षिक अभिलेखो मे दर्ज है। जबकि आधार कार्ड मे चंचल व जन्मतिथि 01.01.2010 त्रुटिवश दर्ज हो गई है। जो कि गलत है। **सुमन देवी पत्नी स्व. देशराज सिंह निवासी-ग्राम बरुवा, पोस्ट अछेछा, थाना फतेहपुर, तहसील रामनगर, बाराबंकी।**

# रेलवे स्टेशन पर मिशन शक्ति अभियान को लेकर जागरूक किया



उन्नाव। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ के अनुपालन में एसपी रेलवे लखनऊ के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी रेलवे द्वितीय के पर्यवेक्षण में थाना जीआरपी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना स्थानीय महिला कर्मचारियों द्वारा उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2, 3, 4, 5 सहित सकुर्लेटिंग एरिया और टिकट काउंटर पर अभियान चलाया। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत ट्रेनों में सफर कर रही महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को यात्रा के दौरान सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने और किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित कर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

# एसडीएम ने गौशालाओं का निरीक्षण कर जानी हकीकत



पाटन, उन्नाव। उपजिलाधिकारी ने गौशालाओ का निरीक्षण कर साफ सफाई एव चारापानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए। सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के कस्बा बीघापुर स्थित कान्हा गौशाला का शुक्रवार को उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने औचक निरीक्षण कर हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान गौशाला में लगभग 196 गौ वंश मिले जिसमें नर 73, मादा 88 तथा 35 बच्चे पाए गये। जिनमें से चार गौवंश बीमार अवस्था में मिले। जिनकी समुचित देखभाल व इलाज हेतु उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बीघापुर को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी ने गौ वंश को धूप एवं बारिश से बचाव के लिए चार टीन सेट लगाए गये है। इस बात की जानकारी दी ।तथा गौवंश के पेयजल हेतु चरही बनाई गई है परन्तु साफ सफाई की कमी पाई गई । चरही में पेयजल की आपूर्ति हेतु सबमर्सिबल लगवाया गया है । गौ आश्रय स्थल में गौवंश हेतु भूसा की व्यवस्था है। परन्तु हरे चारे की व्यवस्था नही है । केयर टेकर से जानकारी करने पर अवगत कराया गया कि गौशाला मे हरे चारे की आपूर्ति हेतु नेपियर घास एवं हरा चारा उगगने हेतु चारागाह की भूमि सुरक्षित नहीं है । इस हेतु केयर टेकर को निर्देशित कियागया कि अधिषाशी अधिकारी नगर पंचायत के माध्यम से तहसीलदार को अलग से पत्राचार कर गौशाला के लिए चारागाह की भूमि सुरक्षित कर उसमें अविलम्ब चारा उगाकर गौशशला मे हरे चारे कई आपूर्ति सुनिश्चित कराए। उपजिलाधिकारी ने बताया कि गौवंश की निगरानी हेतु चार सी सी कैमरे लगे है जो सक्रिय पाए गये। गौशाला मे साफसफाई की व्यवस्था संतोष जनक पाई गयी फिर भी और अधिक सफाई की आवश्यकता है।

### भीषण गर्मी में बदल सकता है स्कूलों का समय, शिक्षक संघ ने उठाई मांग

उन्नाव। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों के समय में बदलाव की मांग उठाई है। संघ के अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र द्वारा जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र में छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में विद्यालयों का समय प्रातः 8रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक है, जिससे छात्रों को तेज धूप और लू के बीच विद्यालय आना-जाना पड़ता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को इससे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक संघ ने शासन द्वारा जारी एडवाइजरी का हवाला देते हुए कहा है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी जाती है।

# एसडीएम ने पीएचसी का औचक निरीक्षण किया



पाटन उन्नाव। उपजिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीघापुर का औचक निरक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वस्थ केन्द्र पर सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गये। तथा दवाओं का स्टाक पर्याप्त उपलब्ध पाया गया। साफ सफाई को लेकर नाराजगी व्यक्त किया। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अन्तर्गत नगर पंचायत बीघापुर मे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुक्रवार को उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर साफ सफाई की व्यवस्था सन्तोष जनक न मिलने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के समय उपस्थित लैब टेक्नीशियन द्वारा अवगत कराया गया कि स्वस्थ केन्द्र मे मलेरिया डेंगू, रक्त एव अन्य जांचों की पर्याप्त व्यवस्था है। वही उपस्थित चिकित्सकों द्वारा अवगत कराया गया कि स्वस्थ केन्द्र पर कोई एम्बुलेंस उपलब्ध नही है। आपात स्थिति में 102, 108 की सेवाए ली जाती है। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध मे स्टाक रजिस्टर देखा। मिलान करने पर दवाओं उपलब्ध पाई गई। स्वस्थ केन्द्र मे भर्ती मरीजों से जानकारी करने पर पाया गया कि किसी भी मरीज को बाहर से दवाएं लिखने का कोई प्रकरण प्रकाश मे नही आया। वही ओ पी डी चालू मिला ।जिसमे 11मरीज दर्ज मिले। उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि मौसम के बदलने के कारण अधिकांश मरीज बुखार, सर्दी, व अन्य बीमारियों से ग्रसित है। मरीजों से जानकारी करने पर पाया गया कि उनका इलाज आसानी से हो रहा है। निरीक्षण के समय कटरादीवानखेडा की मनोरमा ने बताया कि चिकित्सालय में सही उपचार के साथ दवाएं मिल रही है। निरीक्षण के समय डा पंकज कुमार पाण्डेय प्रभारी चिकित्सा डा विनोद कुमार मेडिकल आफिसर, सर्वेश फार्मेसिस्ट, पवन पाण्डेय, कुलदीप सिंह वार्ड ब्वाय, अनिल कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित मिले।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

असोहा, उन्नाव (वीओएल)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अंकुश लगाए जाने हेतु असोहा थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना असोहा मे दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य जुटाने के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 64(1) बीएनएस का अपराधी होना पाया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक /इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **ई–निविदा संख्या :** NER-LJN-2026-68 **कार्य का नामः** NER-LJN डिवीजनः तुलसीपुर मेंः प्रमुख सुधार कार्य जैसे कि PF संख्या 1 और 2 की ऊँचाई बढ़ाना और विस्तार करना, RCC OHT (50000 गैलन) और 1 गहरे टयूबवेल का प्रावधान आदि। **अनुमानित लागत (रु.) :** 93325292.03 **अग्रिम धन (रु) :** 1866500.00/– **समापन अवधि :** 09 माह। **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-68** के लिये ई–निविदा दिनांक 07.05.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
**लखनऊ**

मुजाधि/डब्लू–30

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद लखीमपुर-खीरी**

**पत्रांक- 35/न.पं.नि./नि.सू.-CMNSY/2026-27** **दिनांक 17/04/26**

**ई-निविदा सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक- 11/05/26 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक- 20/04/26 से दिनांक- 11/05/26 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**दिनेश कुमार शुक्ला**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत निघासन लखीमपुर-खीरी**

**बद्री प्रसाद मौर्य**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत-निघासन लखीमपुर-खीरी**

संक्षेप

## कीटनाशक दवा के संपर्क में आने से युवक की मौत

धौरहरा खीरी। खमरिया थाना क्षेत्र के बैबहा गांव में खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते समय जहरीले प्रभाव के कारण एक युवक की असमय मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बृहस्पतिवार बैबहा निवासी 24 वर्षीय चंद्रशेखर यादव पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र यादव अपने खेत में फसल पर कीटनाशक दवा का स्प्रे कर रहा था। इसी दौरान दवा के जहरीले प्रभाव के संपर्क में आने से उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी खमरिया लाए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता अनिल गुप्ता मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके साथ ही वह अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए।

## अवैध तमंचा रीवालवर के साथ आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा संकटा देवी चौकी क्षेत्र से अवैध तमंचा एवं अवैध रिवाल्वर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। लखीमपुर सदर क्षेत्र में लगातार अवैध तमंचा कारतूस के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे है। अवैध तमंचा पुलिस के लिए सर दर्द बन चुका है। गुरुवार को इमरान पुत्र अखलाख निवासी मोहल्ला संकटा देवी के पास से एक अवैध तमंचा एक कारतूस बरामद की गई। वहीं दूसरे आरोपी अनिल उर्फ चापू पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम पिपरिया थाना कोतवाली सदर लखीमपुर के पास से लखीमपुर शहर की राजापुर क्रॉसिंग के पास एक रिवाल्वर 32 बोर वह कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में राजेश कुमार सिंह कोतवाल सदर लखीमपुर ने बताया इमरान के पास अवैध तमंचा, अनिल उर्फ चापू के पास एक रिवाल्वर 32 बर अवैध रूप से बरामद किया गया बरामड़की के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## रेलवे पटरी के पास मिला शव

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्राम सरैया माफी के पास रेलवे पटरी किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। घटना रॉयल भट्ठे के उत्तर दिशा में स्थित इलाके की है, जहां पटरी के दक्षिण ओर शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव की हालत बेहद खराब थी और अनुमान लगाया जा रहा है कि वह 3 से 4 दिन पुराना है, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। मौके पर पहुंची कोतवाली बिसवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और क्षेत्र में घूमता रहता था, लेकिन उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया कि शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच में जुटी है।

# मिशन शक्ति से बेटियां बन रहीं आत्मनिर्भर: आलोक



सीतापुर। मिशन शक्ति (5.0) के अंतर्गत दूसरे चरण का कार्यक्रम शुक्रवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक सिंह ने की। अपने संबोधन में आलोक सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है, ताकि वे समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान महिला उप निरीक्षक अर्चना शुक्ला ने छात्राओं को मिशन शक्ति के उद्देश्य और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। महिला थानाध्यक्ष मधु यादव ने बालिकाओं के सवालों का जवाब देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा गोलू गुप्ता को राष्ट्रीय स्तर पर कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। चांदनी को बैडमिंटन में राज्य स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने पर, आदर्शनी को राज्य स्तर पर रजत पदक और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर तथा कलपी को खो-खो प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल की टीम के साथ रजत पदक जीतने पर सम्मानित किया गया।

## नगर पंचायत में नामित सभासदों को दिलायी गयी शपथ

सीतापुर। नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद में शासन द्वारा नामित तीन सभासदों को शुक्रवार को एक भव्य समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम नगर पंचायत प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां उपजिलाधिकारी लहरपुर धामिनी एम. दास ने राम सिंह, अजय पटेल और मनोज नाग को ईश्वर के नाम पर शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाउपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा ने सभी नव-नामित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पार्टी द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने नगर को स्वच्छ, सुन्दर और विकसित बनाने के साथ ही शासन की योजनाओं को धरातल पर लागू कराने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने अतिथियों व नामित सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन तैयबुन निशां, चेयरमैन प्रतिनिधि इश्तियाक खां, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकिशोर कनौजिया, सुरेंद्र रस्तोगी, खुर्शीद गौरी, बालगोविंद मौर्य, दिनेश शुक्ला, संतोष मिश्रा, श्यामू नाग, हरिओम रस्तोगी, गोपाल पांडेय, नीरज बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सभासद व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिसवां बार में नवागत एसडीएम आकांक्षा गौतम का किया स्वागत




सीतापुर। तहसील बिसवां स्थित बार सभागार में नवागत उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) आकांक्षा गौतम के आगमन पर बिसवां बार एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष राजकिशोर यादव तथा नेतृत्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया ने किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में वकीलों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. सिंह ने किया। समारोह में ब्रजेश नारायण गुप्ता, दिनेश श्रीवास्तव, पुत्ती लाल वर्मा, इंतखाब आलम सिद्दीकी, अशोक वर्मा, सूर्य प्रसाद यादव, कैलाश श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, राजेश वर्मा, जितेंद्र मिश्रा, विपिन यादव, प्रदीप विश्वकर्मा, के.के. वैश्य व कीर्ति शुक्ला सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में एसडीएम आकांक्षा गौतम ने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित कर न्यायिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा भी जताई। ज्ञात हो कि पूर्व एसडीएम शिखा शुक्ला के स्थानांतरण के बाद उनकी तैनाती बिसवां में हुई है।

## इंटर कॉलेज पलिया में प्रबंध समिति का चुनाव

पलियाकलां खीरी। श्री तेज महेन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कलां खीरी में प्रबंध समिति का चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे उनके प्रतिनिधि, कमलेश कुमार सक्सेना (राजकीय इंटर कॉलेज शारदा नगर), माननीय लवलेश वर्मा (धर्म सभा इंटर कॉलेज), अश्वनी कुमार वर्मा (हेड क्लार्क) के निर्देशन में सकुशल संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामजी सिंह (भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक), अवरीश कुमार सिंह (संभाग निरीक्षक सीतापुर संभाग), सुरेश सिंह (प्रांतीय शिक्षण प्रमुख), मुनेंद्र दत्त शुक्ला (पूर्ण कालिक), माननीय अमित भसीन जी (जिला संघ चालक गोला), एवं साधारण सभा के 45 सदस्य से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। प्रबंध समिति कार्यकारिणी इस प्रकार हैं- चाँद कुमार जैन (अध्यक्ष) रामवचन तिवारी (उपाध्यक्ष) शिवपाल सिंह (प्रबंधक) हरीश जी आनंद (सह प्रबंधक) राजीव गुप्ता (कोषाध्यक्ष) सुरेश कुमार सिंह (सदस्य) विमल दीक्षित (सदस्य) अभिषेक शुक्ला (सदस्य) विमल अग्रवाल (प्रांतीय उपाध्यक्ष) सुभाष दास (सदस्य) गिरीश चंद्र वर्मा (सदस्य) रामजी सिंह (प्रदेश निरीक्षक जी) सुनील सिंह प्रधानाचार्य (पदेन सदस्य) विनोद मिश्रा (जिला विद्यालय निरीक्षक चुनाव अधिकारी) के रूप में उपस्थित रहे। चयनित पदाधिकारियों को जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा निर्वाचित होने का प्रणाम पत्र प्रदान किये गए साथ ही शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

## शारदा किनारे कटाव रोकने के 2.20 करोड़ की परियोजना शुरू

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शारदा नदी के कटान से प्रभावित बेलहा व सिकटिया गांवों को राहत देने के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से



कटाव निरोधक परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के पूरा होने से नदी किनारे बसे ग्रामीणों को बाढ़ और कटान के खतरे से काफी हद तक सुरक्षा मिलने की उम्मीद है। विधायक अमन गिरी ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित इस योजना का विधिवत पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया। परियोजना के अंतर्गत ग्राम बेलहा सिकटिया के अपस्ट्रीम क्षेत्र में कटाव निरोधक कार्य कराया जाएगा, जिससे नदी के तेज बहाव से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है और यह परियोजना स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान करेगी। उन्होंने बताया कि शारदा नदी के किनारे बसे गांवों की सुरक्षा के लिए इस तरह के कार्य अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने नाविकों एवं जरूरतमंद लोगों को लाइफ जैकेट भी वितरित कीं और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों और समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेन्द्र भूषण राज, मण्डल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष हर्षदीप सिंह, प्रधान नेपाली राज, सतनाम सिंह, जगजीत सिंह, महेश सिंह, पवन भारती, आशीष गौतम, दिनेश पासी, पूर्व प्रधान तोता राम भार्गव, हरिश्चंद्र गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंडी में गेहूं खरीद हवा हवाई, विधायक ने निरीक्षण कर लगायी फटकार



मोहम्मदी खीरी। किसान के गेहूं की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने को लेकर मंडी परिसर में 17 केंद्र खोलें गए थे। खरीद का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे विधायक ने कई सेंटर के बैनर लगे न मिलने पर आपत्ति जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अचानक गाड़ी छोड़ पैदल मंडी परिसर में पहुंच गए और गेहूं की खरीद व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई कई केंद्र प्रभारी द्वारा बैनर लगे न होने पर भड़क गए और एसडीएम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। मार्केटिंग इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया 17 दिन में 6 हजार कुंतल से अधिक गेहूं की खरीद की जा सकती है। पर्याप्त वारदाना न मिलने पर खरीद प्रभावित हो रही है कोटेदार से मिले बोरों में खरीद की जा रही है। सूत्रों से पता चला है यूपी में बारदाना का टेंडर तक नहीं हुआ है जिसकी प्रक्रिया चल रही है ऐसे में खरीद की प्रक्रिया धीमी होने के चलते किसान औने पौने दामों में आढ़ती के यहां बिक्री कर आगे की तैयारी में लग गया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को देश की अमूल्य धरोहर : असीम अरुण



सीतापुर। बाबा साहब का सपना था कि समाज में हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिले, और आज की सरकार उसी दिशा में काम कर रही है।ह्न यह बात प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण ने अंबेडकर जयंती एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित विधानसभा संगोष्ठी में कही।

भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में जनपद की विभिन्न विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीतापुर विधानसभा में खैराबाद स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री असीम अरुण, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विकास राज्य मंत्री एवं सदर विधायक राकेश राठौर गुरु मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। अपने संबोधन में असीम अरुण ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि उन्होंने संविधान के माध्यम से भारत को मजबूत लोकतंत्र प्रदान किया। राकेश राठौर गुरु ने बाबा साहब के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बाबा साहब के आदर्शों पर चलते हुए समान अवसर और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में हरगांव, लहरपुर और सेवता विधानसभाओं में भी संगोष्ठियां आयोजित हुईं, जिनमें क्रमशः सुरेश राही, सुनील वर्मा और अजय गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। वहीं महमूदाबाद विधानसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें विधायक आशा मौर्य ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## स्ट्रीट डॉग ने किया चीतल पर हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महेशपुर वन रेंज के आंवला बीट अंतर्गत अजान कस्बे में शुक्रवार सुबह एक चीतल कुत्तों के हमले से बचते हुए गांव के एक घर में घुस गया। ग्रामीणों की सतर्कता और वन विभाग की तत्परता से चीतल को सुरक्षित बचा लिया गया। सुबह करीब सात बजे कुत्तों के झुंड ने आबादी के पास एक चीतल को घेर लिया और उसका पीछा करने लगे। जान बचाने के लिए चीतल भागते हुए गांव में अतुल वर्मा के घर में घुस गया। चीतल के घर में घुसने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।



ग्रामीणों आशीष वर्मा, रमेश कश्यप, राजेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, गजेन्द्र वर्मा और वीरेंद्र कुमार वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए कुत्तों को वहां से खदेड़ा और चीतल को सुरक्षित बचाया। इसके बाद चीतल को एक कमरे में सुरक्षित बंद कर वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन सुरक्षा वाचर संजय और मुख्तयार ने चीतल को सुरक्षित कब्जे में लेकर ई-रिक्शा के माध्यम से आंवला बीट के जंगल क्षेत्र में पहुंचाया। वन दरोगा मायाप्रकाश ने बताया कि चीतल कुत्तों के हमले से सहमा हुआ था और उसके शरीर पर हल्की खरोंचें आई हैं। उसका प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम के बीच चैती मेले का समापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती का भव्य समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूमधाम के बीच हुआ। अंतिम दिन सांस्कृतिक मंच पर बॉलीवुड गायक शब्बीर कुमार एंड पार्टी सहित अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि देर रात तक दर्शक जमे रहे।



समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी, विशिष्ट अतिथि अवनि पांडेय, सत्यप्रकाश अग्रवाल, आरती सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मेला चैती को इस बार भव्यता और बेहतर प्रबंधन के साथ आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आयोजन को नई पहचान दी और देश-विदेश के कलाकारों को मंच प्रदान किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 20 दिनों तक चले इस मेले में विभिन्न वर्गों के लोगों की सहभागिता रही, जिससे इसकी भव्यता और सुंदरता बढ़ी। उन्होंने कहा कि मेला मंच पर लगातार उच्चस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने नगरवासियों को यादगार अनुभव दिया। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले में वैष्णो माता का कृत्रिम दरबार सजाने वाले अवधेश श्रीवास्तव उर्फ दीपू लाला, उत्कर्ष ललित कला एकेडमी के माध्यम से कला क्षेत्र में योगदान देने वाली डॉ. स्मिता तिवारी, शिक्षा, काव्य एवं भजन गायन के क्षेत्र में सक्रिय बृजेश तिवारी, व्यापार के साथ समाजसेवा में योगदान देने वाले केशव अग्रवाल, पत्रकारिता के क्षेत्र में जिला ब्यूरो चीफ विकास शुक्ला, कैंसर विशेषज्ञ डॉ. आकाश राजपूत तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय अनिल कुमार जलोटा को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शब्बीर कुमार ने अपने प्रसिद्ध गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गीतों पर लोग देर रात तक झूमते रहे और हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज सुनाई देती रही। वहीं डांसर सपना और मुस्कान ने फिल्मी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बनाए रखा। कानपुर की समृद्धि तिवारी ने भी अपने सुरों से दर्शकों को बांधे रखा और कार्यक्रम में अलग रंग भरा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुतियों का सिलसिला लगातार जारी रहा और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। तालियों और उत्साह के बीच मेला चैती 2026 का समापन हुआ।

## एडीएम ने गेहूं खरीद केंद्र प्रभारियों की लगायी क्लास

लखीमपुर खीरी। जनपद में गेहूं खरीद की सुस्त रफ्तार पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू व



यूपीएसएस के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कम खरीद को लेकर एडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही केंद्र प्रभारियों और जिला प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को खाली हाथ वापस न किया जाए। एडीएम ने स्पष्ट कहा कि हर हाल में किसानों का गेहूं तौला जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि शिकायत मिली तो सीधे कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी हकीकत परखी। एडीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य मिले, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीद प्रक्रिया को तेज करें और पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच**

**पत्रांकः /8काम/ई-टेण्डर/2026** **दिनांक :**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में 'ए' श्रेणी (भवन कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधानसभा क्षेत्र-भिनगा | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद श्रावस्ती में पूल्ड आवास के अन्तर्गत टाइप-3 के 12 आवासों का निमार्ण कार्य । | 469.40 | 25.47 | 2715.00 | 18 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि रू. दिनांक 20-04-2026 से पूर्व ।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाइन दिनांक 20-04-2026 से 04-05-2026 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 04-05-2026 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 04-05-2026 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ङ) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176 (सा.)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-निदेर्शों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

**(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,**
**श्रावस्ती**

**(अजय भास्कर)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि.,**
**बहराइच**

**UPID-250014 Date:17.04.2026 Website : www.upgov.nic.in**

## लोकगीत-नृत्य, जीवन मूल्यों पर हुआ मंथन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की श्रृंखला के दूसरे दिन छात्राओं द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के माध्यम से सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन सरिता पांडेय एवं ममता श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। छात्राओं ने पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य के जरिए भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर संस्था धरा की पदाधिकारी शारदा गुप्ता एवं शिखा शुक्ला ने छात्राओं को जीवन मूल्यों और संवेदनशीलता के प्रति जागरूक किया। शारदा गुप्ता ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से छात्राओं को पेड़-पौधों की देखभाल, पशु-पक्षियों के प्रति दया भाव रखने तथा बुजुर्गों के साथ समय बिताने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए संवेदनशीलता आवश्यक है। शिखा शुक्ला ने व्यवहारिक उदाहरणों के जरिए छात्राओं को दूसरों की समस्याओं को समझने और सहयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी की परेशानी पर हंसने के बजाय उसकी मदद करना ही सच्ची मानवता है, साथ ही परिवार में माता-पिता के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने पेड़-पौधों की देखभाल, जैविक खाद के उपयोग तथा प्रकृति के संरक्षण पर बल दिया। साथ ही उन्होंने भावनात्मक संवेदनशीलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी की पीड़ा को समझना और उसमें सहभागी बनना ही वास्तविक मानवीयता है। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं दीप्ति गारखेल, अनीता रानी सहगल, रीना गुप्ता, प्रियंका त्रिपाठी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। संचालन श्रीमती सवि चतुर्वेदी ने किया।

## डीएम ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी मुस्कान सिंह को किया सम्मानित, ब्लैक बेल्ट से नवाजा




सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर० ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी कु० मुस्कान सिंह को ब्लैक बेल्ट की उपाधि प्राप्त करने एवं राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें प्रमाण पत्र एवं ब्लैक बेल्ट प्रदान करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रेरित किया गया। मुस्कान सिंह ने अपने खेल जीवन में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने 65वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2019 (राजस्थान) में प्रतिभाग किया, 66वीं माध्यमिक प्रदेशीय प्रतियोगिता 2022 (आगरा) में स्वर्ण पदक जीता तथा 66वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2022 के लिए चयनित हुईं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024 (कानपुर) में स्वर्ण, 69वीं माध्यमिक प्रदेशीय विद्यालयी प्रतियोगिता 2025 (मिजार्पुर) में रजत तथा 7वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 (लखनऊ) में कांस्य पदक हासिल किया। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह एवं ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेंद्र ने भी मुस्कान सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में मौजूद अधिकारियों ने इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया।

संक्षेप

## प्रधानाध्यापक तत्काल प्रभाव से निलंबित

आजमगढ़। जिले के अजमतगढ़ क्षेत्र स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय (प्रथम) में पढ़ाई के बजाय छात्रों से सफाई और निजी कार्य कराए जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक ने प्रधानाध्यापक अवधेश यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला उस समय प्रकाश में आया जब 10 अप्रैल 2026 को एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर और वायरल वीडियो के जरिए यह सामने आया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं से नियमित रूप से गैर शैक्षणिक कार्य जैसे सफाई, व्यक्तिगत काम और सामान ढुलवाया जा रहा था। इसके साथ ही विद्यालय में मध्यान्ह भोजन को बाहर चूल्हे पर बनाए जाने को लेकर भी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत मिली। बीएसए कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 13 अप्रैल को प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। जारी आदेश में कहा गया है कि यह कृत्य बाल अधिकार शिक्षा अधिनियम 2009 के प्रावधानों का उल्लंघन है और शिक्षक पद की गरिमा के विपरीत है। निलंबन अवधि में संबंधित प्रधानाध्यापक को जीवन निर्वाह भत्ता नियमानुसार दिया जाएगा तथा उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अजमतगढ़ से संबद्ध किया गया है। साथ ही, खंड शिक्षा अधिकारी हरैया को मामले की जांच सौंपी गई है और निर्देश दिए गए हैं कि आरोप पत्र तैयार कर विस्तृत जांच आख्या प्रस्तुत की जाए।

## रिश्वत लेते धरा गया सब इंस्पेक्टर

आजमगढ़। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सरायमीर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के गागेपुर गांव निवासी अवनीश राय ने एंटी करप्शन यूनिट को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि सब इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह एक मुकदमे से नाम हटाने के बदले में एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर रहे थे। पीड़ित के अनुसार, दारोगा लगातार इस रकम को लेकर दबाव बना रहे थे, जिससे परेशान होकर उसने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन यूनिट ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। टीम ने पीड़ित को केमिकल लगे नोट उपलब्ध कराए और तय योजना के तहत उसे दरोगा को पैसे देने भेजा गया। जैसे ही सब इंस्पेक्टर ने नोट हाथ में लिए, पहले से घात लगाए बैठी टीम ने तत्काल उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी दरोगा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि जिले के बाहरी थाना क्षेत्रों में तैनात कई पुलिसकर्मियों पर पूर्व में भी रिश्वतखोरी के आरोप लगते रहे हैं। इन शिकायतों की जानकारी लगातार उच्चाधिकारियों तक पहुंच रही थी। मुख्यालय स्तर से सख्त निर्देश जारी होने के बावजूद कुछ पुलिसकर्मी अवैध वसूली और अन्य आर्थिक अपराधों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है, जिससे आम जनता में न्याय व्यवस्था के प्रति भरोसा बढ़ने की उम्मीद है।

# अवैध मेडिकल स्टोर और क्लिनिक पर छापा

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । मुंगराबादशाहपुर में स्थित शक्ति स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में संचालित एक अवैध मेडिकल स्टोर और क्लिनिक पर औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। इस दौरान ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत चार संदिग्ध दवाओं के नमूने जब्त किए गए हैं। इन नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है।

जिला औषधि निरीक्षक सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर की गई। शिकायत में अस्पताल के भीतर बिना वैध लाइसेंस के दवाओं के अवैध कारोबार का आरोप लगाया गया था। सहायक आयुक्त औषधि, वाराणसी मंडल ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिले में अवैध रूप से संचालित दवा दुकानों और प्रतिष्ठानों के औचक निरीक्षण के लिए एक टीम गठित की थी। जिला औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक वाराणसी चंद्रेश द्विवेदी और औषधि निरीक्षक गाजीपुर बृजेश कुमार मौर्य की संयुक्त टीम ने अस्पताल में छापेमारी की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि केवल मुंगराबादशाहपुर ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में फैले अवैध दवा सिंडिकेट को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) को पत्र लिखकर भारी पुलिस बल और मजिस्ट्रेट उपलब्ध कराने की मांग की गई है। यह अभियान शुरू हो गया है जिसके तहत जिले के कई अन्य चिन्हित ठिकानों पर भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने कहा कि लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। एडीएम ने भी संबंधित थानों को छापेमारी के दौरान सुरक्षा में कोई कोताही न बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही टीम पुलिस बल के साथ अवैध रूप से संचालित की जा रही दवा की दुकानों पर छापेमारी कर जांच करेगी। शीघ्र ही टीम पुलिस बल के साथ अवैध रूप से संचालित किए जाने वाले दवा की दुकानों पर छापेमारी कर जांच की जाएगी।

## निजी अस्पताल में प्राइवेट प्रैक्टिस के दौरान गंभीर लापरवाही का आरोप

आजमगढ़। जनपद में एक निजी अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। मऊ जनपद के मुहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र के सहुवारी गांव निवासी राजेश यादव ने थाना सिधारी में तहरीर देकर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी के अनुसार, उनके पुत्र नितीश यादव का सड़क हादसे में दाहिने पैर का घुटना टूट गया था। इलाज के लिए उसे नरौली स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 1 जनवरी 2026 को डॉक्टर विनोद कुमार (मंडलीय जिला अस्पताल में तैनात) द्वारा ऑपरेशन किया गया। आरोप है कि डॉक्टर ने प्लेट लगाने की बात कही थी, लेकिन उसकी जगह पतली रॉड (वायर) डाल दी गई। पीड़ित के मुताबिक, ऑपरेशन के नाम पर उनसे करीब एक लाख 46 हजार 500 रुपये लिए गए। करीब 41 दिन बाद जब रॉड निकाली गई, तो पैर काला पड़ चुका था और सही तरीके से मुड़ भी नहीं पा रहा था। बाद में एक्स-रे कराने पर पता चला कि हड्डी ठीक से जुड़ी ही नहीं थी। राजेश यादव का आरोप है कि जब उन्होंने डॉक्टर से दोबारा इलाज और खर्च को लेकर बात की, तो डॉक्टर ने अभद्र व्यवहार किया और उन्हें भगा दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। इसके बाद उन्होंने अन्य अस्पतालों में इलाज कराया, जिसमें लगभग 95 हजार रुपये और खर्च हुए, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। पीड़ित पिता का कहना है कि डॉक्टर की लापरवाही के चलते उनके बेटे का जीवन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है और वह अपंगता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अध्यापक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयाय करें

जौनपुर । प्राथमिक विद्यालय रामपुर गजाधर, मुंगराबादशाहपुर के परिसर में वार्षिकोत्सव, प्रवेशोत्सव, सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन एवं सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा मॉ सरस्वती जी एवं डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया गया। प्रवक्ता गिरिजा शंकर इंटर कॉलेज नीभापुर जयकिशन यादव एवं अनुचर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव राम सिंह को अंगवस्त्र एवं बुके देकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। बीएसए ने कहा कि विकासखंड मुंगराबादशाहपुर के किसी भी बस्ती मजरे का 6 से 14 आयु वर्ग का कोई भी बच्चा नामांकन से छूटने न पाए तथा नामांकित सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अध्यापकों का उत्साह वर्धन किया गया। उनके द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला गया।

## स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदर्शन कर घेराव



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के सहाबुद्दीनपुर फीडर इलाके में स्मार्ट मीटर को लेकर ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश देखने को मिला।

दर्जनों महिलाओं ने बढ़ते बिजली बिल की शिकायत को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी करते हुए घेराव किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि जब से उनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, तब से बिजली बिल लगातार बढ़कर आ रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से परेशान हो गई हैं। उनका यह भी कहना है कि कुछ घरों में बिजली कनेक्शन न होने के बावजूद जबरन मीटर लगा दिए गए हैं। इसके साथ ही महिलाओं ने विभाग के एक कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कनेक्शन कटने के बाद उसे जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। इस पूरे मामले पर बिजली विभाग के सुपरिटेंडेंट मनोज गुप्ता ने कहा कि इस तरह की शिकायतें विभाग के संज्ञान में आई हैं और जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के पुराने बिल बकाया हैं, उनके वर्तमान बिल में वही राशि जुड़ने के कारण बिल ज्यादा दिखाई दे रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 13 से 19 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर और बिलिंग प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्पष्ट किया कि जहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुके हैं, उन्हें हटाकर पोस्टपेड मीटर नहीं लगाया जाएगा, क्योंकि इस संबंध में सरकार की ओर से कोई निर्देश नहीं मिला है। गांव की महिलाओं ने विभाग के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिप्सी स्मार्ट मीटर लगा है और बिल जमा करने के बाद भी ज्यादा बिल दे दिया रहा और कनेक्शन भी कट जा रहा है जिससे हम लोग कई बार विभाग का चक्कर लगाना पड़ता है और हम लोग गर्मी से परेशान होना पड़ा साथी यह भी आरोप लगाया कि घर पर बिजली का कनेक्शन नहीं है उनके घर पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगा दिया जा रहा है इसी बात से नाराज ग्रामीणों ने दजार्दों की संख्या महिलाएं पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि अगर स्मार्टफोन कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग धरना प्रदर्शन पर बैठ जाएंगे।

## सूरज के रौद्र रूप से सड़कों पर सियापा



जौनपुर। सूरज के रौद्र रूप दिखाते ही मौसम गर्म और कष्टकारी बन गया है। मौसम ने इस कदर तल्खी दिखाई है कि जैसे जेठ जैसी तपिश हो। सूर्यदेव के रौद्र रूप और आसमान से बरसती आग ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गुरुवार को जौनपुर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे कई वर्षों के रिकॉर्ड टूटने की संभावना बढ़ गई है। सुबह से शुरू होने वाली गर्मी रात तक लोगों को बेचैन कर रही है। तेज धूप के चलते दोपहर होते ही शहर की सड़कों पर सियापा का माहौल दिखाई दे रहा है। ओलंदगंज, जेसीज चौराहा और कचहरी जैसे व्यस्त इलाकों में दोपहर के बाद सन्नाटा पसर जा रहा है। गर्म हवाओं के थपेड़े इतने तेज हैं कि बाइक सवारों का चलना भी मुश्किल हो गया है। लोग गमछा, मास्क और चश्मे से खुद को ढंककर बाहर निकलने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर साफ दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, बुखार और पेट से जुड़ी बीमारियों के मामले बढ़ गए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में पानी की कमी जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए धूप से बचना बेहद जरूरी है। गर्मी का असर सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर गिरने और तालाब सूखने से पशु-पक्षियों के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं, बढ़ते तापमान ने जायद की फसलों और सब्जियों को भी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। किसान लगातार सिंचाई कर फसलों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तेज धूप उनकी मेहनत पर भारी पड़ रही है। मौसम विभाग के संकेतों के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ सकती है। फिलहाल राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए जारी किये गये टोल फ्री नम्बर

सोनभद्र। प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती की अध्यक्षता में प्रोबेशन कार्यालय में मिशन शक्ति-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते अक्षय तृतीया पर बाल विवाह पर रोक थाम हेतु कार्य योजना बनायी गयी बाल विवाह की घटना को समय रहते रोका जा सके इस बिन्दु पर विशेष चर्चा की गयी, बाल विवाह की रोकथाम के लिए विकास भवन, कक्ष संख्या-64 में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा। कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त हो, तो तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। सूचना हेतु महत्वपूर्ण नंबर चाइल्ड लाइन 1098, कंट्रोल रूम 9305036929, कंट्रोल रूम, 9450717818, कंट्रोल रूम 8318359154 पर सूचना दे सकते है गौरतलब है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह के मामलों में वृद्धि की संभावना रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आमजन से अनुरोध है कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका अथवा 21 वर्ष से कम आयु के बालक के विवाह की सूचना तत्काल दें और इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें।

## बैढ़न में दिन दहाड़े बैंक डकैती के बाद यूपी-एमपी बॉर्डर पर हाई अलर्ट, बीजपुर पुलिस ने की नाकेबंदी

बीजपुर/सोनभद्र। मध्यप्रदेश के बैढन में दिनदहाड़े हुई बैंक लूट की वारदात के बाद उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में हड़कंप मच गया है। लुटेरों के उत्तर प्रदेश की सीमा में दाखिल होने की सूचना मिलते ही बीजपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट हो गई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय पुलिस ने मध्यप्रदेश सीमा से सटे सिरसोती बॉर्डर सहित सभी प्रमुख रास्तों की घेराबंदी कर दी है। आने-जाने वाले हर वाहन की सघन तलाशी ली जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऐसी आशंका जताई जा रही है कि बैंक लूटने के बाद बदमाश उत्तर प्रदेश के बीजपुर की ओर भागे हैं।

बीजपुर थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अलर्ट मोड पर है। बैढन में हुई बैंक लूट के बाद पुलिस चप्पे-चप्पे की निगरानी कर रही है। संदिग्धों की धरपकड़ के लिए सिरसोती स्थित मध्यप्रदेश बॉर्डर और अन्य गुप्त रास्तों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर भागने नहीं दिया जाएगा। बीजपुर और आसपास के इलाकों में बैरियर लगाकर



चेकिंग की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जंगलों और सुनसान रास्तों पर पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गई है।

फिलहाल पुलिस बदमाशों के हुलिए और भागने की दिशा को लेकर मध्यप्रदेश पुलिस से लगातार संपर्क में है। इस सघन चेकिंग अभियान के कारण बॉर्डर पर वाहनों की लंबी तारें देखी जा रही हैं लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कोई भी ढील बरतने के मूड में नहीं है।

## अभियान के तहत किया 1190 वाहनों का चालान

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में यातायात नियमों के अनुपालन के दृष्टिगत यातायात पुलिस व समस्त थानों द्वारा अभियान चलाकर कुल 1190 वाहनों का चालान किया गया। पूरे जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील मार्गों पर पुलिस बल द्वारा सघन चेकिंग की गई। अभियान का प्राथमिक उद्देश्य जनपद में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना रहा। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की बारीकी से तलाशी ली गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी और बिना वैध प्रपत्रों के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया गया। जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा कुल 1190 वाहनों का चालान किया गया आम जनमानस से अपील करती है कि वे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और सदैव यातायात नियमों का पालन करें।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने में टैंकर पलटा

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ चौराहे पर शुक्रवार भोर लगभग 4 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। शीरा लोडेड टैंकर सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर से बचने के दौरान टैंकर कुछ दूर तक अनियंत्रित होकर चला और फिर सड़क किनारे पलट गया,



जिससे उसमें भरा शीरा मुख्य मार्ग पर फैल गया। शीरा फैलने से सड़क फिसलन भरी हो गई और कई बाइक सवार फिसलकर गिर पड़े, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को जिला अस्पताल सदर पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के हायर सेंटर रेफर कर दिया। चालक की पहचान गोपाल यादव निवासी जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि टैंकर दी सहकारी चीनी मिल सठियांव से 36 टन 9 कुंतल 36 किलोग्राम शीरा लेकर चंदौली स्थित गोदरेज कंपनी जा रहा था। शाहगढ़ चैराहे पर पहुंचते ही यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सर्किल निरीक्षक प्रभु नारायण सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत कार्य शुरू कराया। सड़क पर फैले शीरे को साफ कराया गया ताकि यातायात बाधित न हो। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगा दी गई।

## प्रधान मंत्री किसान निधि योजना से 62,638 अपात्र हटाये

जौनपुर । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 62,638 अपात्र लाभार्थियों के नाम हटा दिए गए हैं। जांच में सामने आया कि पति-पत्नी, नाबालिग और मृतक भी इस योजना का लाभ ले रहे थे। इस कार्रवाई के बाद जिले में लाभार्थियों की कुल संख्या 8 लाख 79 हजार 300 से घटकर 8 लाख 16 हजार 662 हो गई है। योजना के शुरूआती चरण में बड़ी संख्या में अपात्र व्यक्तियों ने पंजीकरण करा लिया था। अब जांच के बाद ऐसे अपात्रों की पहचान कर उनके नाम पोर्टल से हटाए जा रहे हैं। पात्रता की जांच के लिए गांवों में शिविर लगाए गए और सूची का मिलान किया गया। इस प्रक्रिया में 29 हजार मृतकों के नाम भी सूची से हटाए गए हैं, जिनके परिवारों ने मृत्यु की सूचना विभाग को नहीं दी थी। इसके अलावा, लगभग 22 हजार ऐसे लाभार्थी हैं जिनके आधार कार्ड में गड़बड़ी पाई गई है, जिस कारण उनकी धनराशि रोक दी गई है। उप परियोजना निदेशक आत्मा, डॉ. रमेश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से अपात्रों के नाम हटाए गए हैं और सत्यापन प्रक्रिया अभी भी जारी है।

## दबंगों ने पीट-पीटकर युवक की ले ली जान, गांव में तनाव

मीरजापुर। यूपी के मीरजापुर जनपद के जिगना थाना क्षेत्र के गोगांव गांव में बीती रात जमीन पर जेसीबी से मिट्टी खुदाई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। परिणामस्वरूप मनबढ़ों की पिटाई से घायल 40 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया है। मृतक की पहचान दिनेश चौबे पुत्र स्व. जटाशंकर चौबे के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार, गांव में कुछ लोग उनकी जमीन पर जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। जब दिनेश चौबे ने इसका विरोध किया, तो अजय, ललित उर्फ ऋषि पुत्र ताड़कनाथ तिवारी और बृजेश तिवारी उर्फ बबलू पुत्र राजेन्द्र तिवारी ने मिलकर उन्हें लात-घूसों से बुरी तरह मारपीट दिया। गंभीर रूप से घायल दिनेश को तत्काल पीएचसी सरोंई ले जाया गया, जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पुनीत अग्रवाल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां मालती देवी ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर ने शुक्रवार भोर में घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि मामले में जल्द ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव में स्थिति को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## मजदूरों को काम पर तत्काल बहाल करें

ओबरा,सोनभद्र। स्थानीय तापीय परियोजना के सीजीएम, प्रशासनिक अधिकारियों और मजदूरों के बीच दो दिन पहले हुए समझौते के कड़ाई से अनुपालन, डी. डी. सिंह संविदाकार के मजदूरों को काम पर तत्काल बहाल करने, पूरी परियोजना में न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक व जीवन सुरक्षा व श्रम कानून को लागू करने और 60 साल आयु पर रिटायर ठेका श्रमिकों को ग्रेच्युटी देने के सवाल पर आज ठेका मजदूर यूनियन ने ओबरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र भेजा। इस पत्र की प्रतिलिपि आवश्यक कार्रवाई के लिए डीएम, एसपी, एसडीएम ओबरा और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है। ठेका मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष तीरथ राज यादव और संयुक्त मंत्री मोहन प्रसाद की तरफ से भेजें पत्र में



कहा गया कि नोएडा मजदूर आंदोलन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक तरफ पूरे प्रदेश में श्रमिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने का प्रशासनिक अधिकारियों और प्रबंधन को आदेश दे रहे हैं और श्रमिकों के प्रदेश के विकास में योगदान का सम्मान करने को कह रहे हैं। वहीं ओबरा तापीय परियोजना में विधि के विरुद्ध कार्य हो रहा है। 15 अप्रैल को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में समझौता हुआ और डी. डी. सिंह संविदाकार के अंतर्गत कार्यरत मजदूरों को कार्य पर बहाल करने की बात की गई व 26 दिन हाजिरी व न्यूनतम मजदूरी कड़ाई से देने का आदेश दिया गया। लेकिन दुखद स्थिति यह है कि आज तक इसे लागू नहीं किया गया। पूरे परियोजना में इससे औद्योगिक अशांति व्याप्त है और यदि मजदूरों को न्याय नहीं मिला तो आने वाले समय में शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक, संवैधानिक आंदोलन शुरू किया जाएगा। पत्र में कहा गया कि संविदाकार ने मिथ्या आरोप लगाते हुए सीजीएम ओबरा पर मनमानेपन और दबाव का आरोप लगाया है। प्रबंधन को भेजे पत्र में कहा है कि परियोजना में कार्यरत श्रमिकों की जगह उसे अपने श्रमिक लगाने की अनुमति दी जाए। जबकि सच्चाई यह है कि यह परियोजनाएं राष्ट्रीय महत्व की है। आम जनता के हितों की उनसे पूर्ति होती है और यह उच्च तकनीकी पर आधारित हैं। यहां दक्ष, अनुभवी व सक्षम मजदूरों की नितांत आवश्यकता है। यही कारण है कि परियोजना में संविदाकार तो बदलते हैं पर ठेका श्रमिक नही। श्रमिकों के बदलने से परियोजना में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है और सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो सकता है। बावजूद इसके मजदूरों को हटाने की बात करना राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध है। जिला प्रशासन को इसको संज्ञान में लेना चाहिए और मजदूरों को काम पर रखने की कार्रवाई करनी चाहिए।

## ननिहाल आई किशोरी को अगवा करने वाले युवकों पर कार्रवाई की मांग

जिला संवाददाता




मीरजापुर। 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ' का नारा बुलंद करने वाली सरकार में एक मां पिछले दो सप्ताह से अपनी बेटी को बचाने और उसकी सकुशल घर वापसी के लिए पुलिस थाना से लेकर एसपी आफिस से लगाए हर उस अधिकारियों के दरवाजे की दौड़ लगा रही है, जहां से उसे फरियाद लगाने पर बेटी के मिल जाने की उम्मीद लगी हुई है। लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी बेटी का पता लगा पाना तो दूर उसकी परछाई को भी पुलिस ढूढ नहीं पाई है। मामला नाबालिग मुस्लिम लड़की के अपहरण से जुड़ा हुआ है, आरोपी युवक हिंदू जाति से जुड़े हुए हैं, ऐसे में बेटी की सकुशल वापसी के लिए मिन्नतें मांगतीं फिर रहीं मां का बड़ा ही मार्मिक मर्म और सवाल होता है कि क्या हम और हमारी बेटी मुस्लिम हैं तो हमें न्याय नहीं मिलेगा, बेटी के अपहरणकर्ताओं को सजा नहीं मिलेगी?

जौनपुर जिले के नेवढ़िया थाना अंतर्गत गोता गांव की रहने वाली रुखसार शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची थीं। यहां उन्होंने अपनी नाबालिग पुत्री को अगवा कर ले जाने का आरोप लगाते हुए बताया कि इलाकाई थाना पुलिस को तहरीर देने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं अपहरणकर्ता उनकी पुत्री का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे मुकदमा वापस ले लेने की लगातार धमकियां दिए जा रहे हैं जिससे उनका व उनके परिवार का सुख-चैन छिन सा गया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया है कि उनकी बेटी पिछले दिनों 02 अप्रैल 2026 को अपने मामा के घर मोहल्ला रानीबाग थाना कटरा कोतवाली, मीरजापुर घूमने आई थी। जिसे रानीबाग मोहल्ले के ही रहने वाले सत्यम कन्नौजिया पुत्र पप्पू कन्नौजिया एवं मुन्ना यादव पुत्र शंकर यादव द्वारा 02/3 अप्रैल की रात्रि में उसका अपहरण कर लिया गया। भोर में तकरीबन 03 बजे नींद खुलने पर बेटी को न देख उसकी खोजबीन शुरू की गई तो उसका कोई पता नहीं चला?। खोजबीन करने के साथ अगल-बगल के घरों में पूछताछ के दौरान पता चला कि पड़ोस के ही युवक सत्यम और मुन्ना भी गायब हैं।

आशंका होने पर दोनों के घर जाकर पूछताछ किया गया तो सीधे मुंह बात न कर उनके घर वालों ने बेरुखी से बात किया। बेटी का कुछ पता न चलने पर फौरन इसकी लिखित सूचना कटरा कोतवाली प्रभारी को दी गई। जिस पर कटरा कोतवाली में मु.अ.स.-91/26 धारा 137(2) बीएनएस में दर्ज तो कर लिया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसका परिणाम यह है कि अपहरणकर्ता सत्यम और मुन्ना लगातार इंस्टाग्राम पर बेटी की गंदी फोटो, वीडियो अपलोड कर बदनाम करने के साथ सामाजिक छवि को धूमिल करने के साथ मोबाइल नंबर -9236252513 एवं 9278212717 से बराबर धमकियां दे रहे हैं, कि ज्यादा पुलिस थाना करोगी तो तुम्हारी बेटी की नंगी फोटो बनाकर सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम पर वायरल कर दूंगा नहीं तो मुकदमा वापस लेकर चुपचाप बैठ जाओं?। एसपी को दिए गए पत्र में उन्होंने बताया है कि चूंकि उनकी बेटी उन दरिंदों के कब्जे में है और नाबालिग है, सो वह लोग उसे डरा-धमका कर मनमाफिक बयान दिलाकर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते हुए आएं हैं और हम लोगों को भी डरा धमकाकर रहें हैं, लेकिन कटरा कोतवाली पुलिस इतने सब के बाद भी उन्हें पकड़ना तो दूर उनके बारे में पूछताछ भी नहीं कर रहीं हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से बेटी को सकुशल बरामद करने के साथ ही दोनों आरोपियों को भी कड़ी से कड़ी सजा दिलाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

## रेलवे विभाग के इंजीनियरों का कारनामा

मीरजापुर। यूपी के मीरजापुर में रेलवे विभाग के इंजीनियरों का बड़ा कारनामा सामने आया है। जहां बिजली के पोल के बावजूद बना दी गई सड़क,बीच सड़क पर खड़े है बिजली के पोल को देख लोग तंज कस रहे हैं। सैकड़ों गांव का मुख्य मार्ग है कछवा निगतरपुर मार्ग सीसी सड़क जहां बना हुआ है वह निगतपुर रेलवे स्टेशन जाने का मुख्य मार्ग है। सड़क के बीच खड़े पोल मार्ग से होता है सैकड़ो गांवों का आवागमन ग्राम प्रधान के अनुरोध पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने रेलवे के अधिकारियो से बात कर बनवाई थी सड़क अब खंभों को हटाने के लिए दर दर भटक रहे ग्राम प्रधान व ग्रामीण बीच सड़क पर बिजली के पोल को हटाने में छूट रहे ग्रामीणों के पसीने मझवा विधानसभा क्षेत्र के कछवा निगतपुर मार्ग का मामला। बताते चलें कि इसके पूर्व विंध्याचल में भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया था जहां पानी के हैंडपंप को बीच में कर सड़क को चारों तरफ से घेर दिया गया था बाद में किरकिरी होने के बाद हैंडपंप को उखड़वाना पड़ा था।

## कार रोककर चालक की पिटाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के अजान कस्बे में गुरुवार रात गुंडागर्दी की घटना सामने आई। चार बाइकों पर सवार पांच युवकों ने एक कार को ओवरटेक कर जबरन रुकवाया और चालक को बाहर खींचकर बेरहमी से पीट दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी चैकीदार बदलू के अनुसार आरोपी युवक अचानक पहुंचे और लाल रंग की कार को रोककर चालक को सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद करीब पांच से सात मिनट तक बेल्ट और लात-घूसों से उसकी पिटाई की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घटना के बाद घायल चालक बिना कुछ बताए अपनी कार लेकर वहां से चला गया। चैकीदार ने तुरंत अजान पुलिस चैकी को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। चैकीदार ने थाना प्रभारी सुनील मलिक को भी घटना से अवगत कराया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी और घायल चालक मौके से जा चुके थे। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

संक्षेप

## मूक-बधिर बच्चों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट योजना

देवरिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने अवगत कराया है कि जनपद में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बच्चे, जो बोल एवं सुन नहीं पाते हैं (मूक-बधिर), उनके लिए राज्य सरकार द्वारा कॉक्लियर इम्प्लांट योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत श्रवण बाधित बच्चों को सुनने एवं बोलने योग्य बनाने हेतु कॉक्लियर इम्प्लांट कराया जाता है, जिसके लिए प्रति बच्चे लगभग ?6.00 लाख तक का अनुदान प्रदान किबया जाता है।उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा चयनित (इम्पैनल) चिकित्सालयों में कॉक्लियर इम्प्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।ऐसे अभिभावक, जो अपने बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट कराना चाहते हैं, वे आवेदन पत्र के साथ बच्चे का दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड हो।

# मातृ शक्ति के लिए संसद में गूंजी देवरिया की आवाज

जिला संवाददाता



**देवरिया।** 131 संविधान संशोधन विधेयक के तहत, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सदन में कार्यवाही के दौरान, देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि ने दमदार अभिभाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन के बीच कई बार देवरिया और कुशीनगर का नाम लिया, खासकर देवरिया और कुशीनगर की महिला उद्यमियों का नाम लेकर महिला सशक्तिकरण के लिए इस विधेयक को मील का पत्थर बताया। पार्टी की ओर से इस अधिनियम पर बोलने के लिए बीजेपी ने तीन सांसदों को दायित्व दिया, जिसमें देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि भी रहे।

शशांक मणि ने अपने संबोधन में कहा कि, यह विधेयक केवल भारत की 50 प्रतिशत आबादी को सशक्त नहीं करेगा, बल्कि यह विकसित भारत की एक नई दिशा भी निर्धारित करेगा। यह विधेयक ऐसा भारत बनाएगा जहां महिलाएं और पुरुष साथ-साथ चलेंगे और समाज में संतुलन बनाए रखते हुए विकास को गति देंगी। सांसद ने इस अधिनियम का समर्थन करते हुए पांच बिंदुओं को रखा, जिसमें उन्होने बताया कि यह विधेयक महिलाओं की शक्ति को पुनः स्थापित करेगा। यह विधेयक अन्य विधानसभाओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता को बदलेगी। यह विधेयक सामूहिक बुद्धिमत्ता के माध्यम से विकसित भारत को नई दिशा देगी। यह देवरिया और कुशीनगर जैसे जिलों को सशक्त बनाएगी और अंततः यह नया विकास मॉडल, भारत को विश्वबंधु के रूप में स्थापित करेगा। इन पांच बिन्दुओं को सदन के पटल पर रखते हुए उन्होने सदन में बिना आरक्षण के उपस्थित 74 महिला सदस्यों को नमन किया। इसके साथ ही अपनी लोकसभा देवरिया की 15 लाख महिलाओं का भी आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि, देवरिया में महिलाओं के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया है, जहां पहले से ही महिलाओं की शक्ति का उपयोग करते हुए ह्लअमृत प्रयासह्न नामक 10-वर्षीय विकास रणनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। हम स्वयं सहायता समूहों को बाजार से जोड़ रहे हैं, जिससे एक नई जागरूकता उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा उन्होने कहा कि हमारी प्राचीन ऋषिकाएं जैसे गार्गी, मैत्रेयी और कात्यायनी ने हमारे ऋषियों के साथ मिलकर एक जीवंत दर्शन प्रणाली का निर्माण किया, जिसने वास्तविकता को एक समग्र रूप में देखा, जिसमें प्रकृति भी शामिल थी। यह नारी शक्ति, शक्ति और भक्ति तथा सृजन के रूप में प्रकट हुई। शक्ति और शिव हमारी सभ्यता के दो समानांतर आधार थे, जिसे लंबे समय तक हमने उनमें से एक को अनदेखा किया। शक्ति केवल दुर्गा और काली के रूप में शारीरिक बल द्वारा नहीं, बल्कि लक्ष्मी के रूप में धन, सरस्वती के रूप में ज्ञान, पार्वती और राधा के रूप में भक्ति तथा प्रेम व अन्नपूर्णा के रूप में पोषण द्वारा भी प्रकट हुई।

सांसद शशांक मणि ने मातृ शक्ति को रानी लक्ष्मीबाई का स्वरुप मानते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान जी की कविता भी पढ़ी और कहा कि हर महिला रानी लक्ष्मीबाई हैं जो विकसित भारत के संकल्पों में साथ दे रही हैं। उन्होने कहा कि महिलाएं संतुलित व आर्थिक दृष्टिकोण रखने वाली होती हैं, जबकि पुरुष लाभ-हानि पर अधिक केंद्रित रहते हैं। इसका अर्थ यह है कि, यदि महिलाओं को कुछ आर्थिक संसाधन दिए जाए, तो वे उन्हें दीर्घकालिक संपत्तियों जैसे मानवीय, भौतिक और संस्कृति में निवेश करेंगी।

सांसद शशांक मणि ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार के इस पहल की तारीफ करते हुए पिछली सरकारों पर वार भी किया। उन्होने कहा कि, पिछली सरकारो की मंशा महिलाओं को आगे बढ़ाने की नहीं थी, जब भी मातृ शक्ति को आगे बढ़ाने की बात आई पिछली सरकारों ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। अंत में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जरुरी बताते हुए, उन्होंने कहा कि इस शक्ति के साथ हम दुनिया के सामने विकास का एक वैकल्पिक मॉडल प्रस्तुत कर सकते हैं।

## दो पक्षों में मारपीट पुलिस ने किया शांति भंग में चालान

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद के सहजौरा मोहल्ला में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दो लोगों के सिर में चोट आई। शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे दो पक्षों में मारपीट हुई।

आरोप है कि आलमा पत्नी मोहम्मद जुबेर, जुबेर पुत्र मुस्तकीम शहजादी बेगम और प्रेमचंद फूलचंद पुत्रगण सुरेंद्र कुमार सीमा कुमारी पत्नी प्रेमचंद के बीच कहा सुनी हुई और देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई।

जिसमें सीमा और प्रेमचंद के सिर में चोट आई। पुलिस ने दोनों चोटहिल को मेडिकल के लिए भेजा है।

चैकी प्रभारी सत्तीचैरा सत्यम अग्रवाल ने बताया कि दोनों पक्षों में अक्सर विवाद होता रहता था। आज भी मारपीट हुई। दोनों के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही करते हुए उप जिलाधिकारी कोर्ट भेजा गया है।

## दुग्ध स्वर्ण महोत्सव का सजीव प्रसारण

**देवरिया।** दुग्ध विकास विभाग द्वारा आयोजित दुग्ध स्वर्ण महोत्सवह्न कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई।सजीव प्रसारण के दौरान अधिकारियों द्वारा दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों एवं लाभार्थियों को आधुनिक तकनीकों, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालकों को सम्मानित/पुरस्कृत किए जाने की जानकारी भी साझा की गई।इस अवसर पर वर्ष 2024-25 के चयनित लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया तथा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना एवं पशुपालकों को नई तकनीकों से जोड़ना रहा।सजीव प्रसारण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, दुग्ध विकास विभाग के अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, पैरावेट्स एवं बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक/पशुपालक उपस्थित रहे।अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें तथा दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने में सक्रिय योगदान दें।

## 116 का चालान 4 वाहन सीज



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बस स्टैंड, भटवलिया चौराहा, सुभाष चौक, कसया ओवर ब्रिज एवं कसया ढाला पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, आटो व ई-रिक्शा तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस/बिना फिटनेस के चलने वाले आटो एवं ई-रिक्शा वाहनों के साथ ही बस स्टैंड पर अभियान चलाकर बिना हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालो वाहनों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी।इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 116 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 04 वाहनों को सीज किया गया। इस प्रकार की कार्रवाई से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है।दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है ,वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत समूह कैडर महिलाओं से सीडीओ का संवाद



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों के कैडर से जुड़ी महिलाओं के साथ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत आज विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री वंदिता श्रीवास्तव द्वारा संवाद किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए एवं आजीविका गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने के संबंध में सुझाव भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समूहों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इस अवसर पर जिला मिशन प्रबंधन इकाई के अधिकारी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## चोरों ने नकदी सहित लाखों का माल किया पार

सोहावल-अयोध्या । बीती रात रौनाही थाना क्षेत्र के गाँव मगलसी के मजरे रमपुरवा निवासी विंद्रा प्रसाद यादव के घर चोरों ने छत के सहारे घर में घुसकर चोरी का अंजाम दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार बीती रात बाहर बने शौचालय के छत के सहारे घर मे घूसे। अंकुर यादव उर्फ अभय के कमरे के दरवाजे को बाहर से बंद कर दुसरे कमरे में घुसकर ट्रंक मे रखा सोने का हार बिंदिया झुमकी दो जोडी टप्स झाला दो माला जंजीर तथा चांदी की करधन पांच जोड़ा पायल एक दर्जन बिछिया अलमारी मे रखा लगभग पचपन हजार रुपए नकद की ताला तोड़कर चोरी का अंजाम दिया। चोरो का हौसल बुलंद होने के कारण छत के जंगले को काटकर उसी के सहारे सामान लेकर रफूचक्कर हो गये। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस को विंद्रा प्रसाद की पत्नी ने बताया कि नवंबर माह में बेटी की शादी हुई थी। जिसके कारण कुछ सोने के जेवरात बेटी के आने पर देने के लिए बनवाए थे।जिसकी चोरी हो जाने से उसकी भी भरपाई करनी पडेगी।

# महिलाओं ने दिया मोदी को धन्यवाद




**देवरिया ।** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को टाउन हॉल से जिला पंचायत तक महिलाओं ने पैदल यात्रा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस दौरान नारी शक्ति जिंदाबाद, मोदी जी धन्यवाद जैसे स्लोगन लिखी दफ्तियों को हाथ में लेकर मोदी जी जिंदाबाद के नारे लगाए । जिला पंचायत परिसर में पहुंचने के बाद महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नारी शक्ति जिंदाबाद कहा के नारे लगाए। इस दौरान शक्ति दौड़ भी लगाई गई तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में दीवार लेखन भी किया गया । जिला पंचायत परिसर में सभा को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल आश्वासन ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें । जिला मंत्री निर्मला गौतम ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत के विजन और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश एक समतावादी भारत की कल्पना करता है जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है । इस दौरान सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, अजय कुमार दुबे, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, सीमा जायसवाल, शोभा यादव, ममता जायसवाल, अजय शाही, प्रमोद शाही, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, अजय सिंह, मारकंडे गिरी, संतोष चौरसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थितथे ।

## वरिष्ठ अधिवक्ता की मृत्यु प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**देवरिया।** तहसील बरहज, जनपद देवरिया के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री विजेन्द्र सिंह (निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर) की 05 अप्रैल 2026 को हुई मृत्यु के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट देवरिया के आदेश दिनांक 14 अप्रैल के तहत मजिस्ट्रियल जांच प्रारंभ कर दी गई है।इस प्रकरण की जांच हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) को जांच अधिकारी नामित किया गया है, जो मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।जांच अधिकारी द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त घटना से संबंधित कोई तथ्य या साक्ष्य उपलब्ध हो, तो वह दिनांक 17 अप्रैल 2026 को प्रातः 10:00 बजे कलेक्ट्रेट देवरिया परिसर स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है।अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) एवं जांच अधिकारी श्री प्रेम नारायण सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए जनसहयोग आवश्यक है।

## एसडीएम ने मानकों के उल्लंघन पर किया स्कूल सील



**कुशीनगर।** दुदही विकास खंड के चिरकुटहा के सुकुलहीं में संचालित श्री सुदामा जी स्मार्ट पब्लिक स्कूल को मानकों के विपरीत संचालन पाए जाने पर एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने सील कर दिया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जांच के बाद की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। शुक्रवार को एसडीएम मिश्र ने कहा कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई आवश्यक मानकों का पालन नहीं हो रहा था। यह सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य से जुड़ा मामला है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी व नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई जारी रहेगी। बीईओ रीता गुप्ता ने बताया कि जांच में विद्यालय की व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिलीं। कई आवश्यक सुविधाओं व व्यवस्थागत पहलुओं में कमी पाई गई। विभाग की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, ताकि बच्चों को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। अधिकारीद्वय ने कहा कि क्षेत्र में संचालित अन्य विद्यालयों की भी जांच कराई जाएगी, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

# विवाद में महिला की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार




**देवरिया।** जनपद के थाना महुआडीह क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर बनहर में आपसी रंजिश और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक महिला की जान चली गई। घटना 15 अप्रैल 2026 की रात्रि की है, जब दो सगे पट्टीदारों के बीच किसी बात को लेकर गाली-गलौज शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी दौरान रविता देवी (पत्नी उमेश विश्वकर्मा) के सिर पर गंभीर चोट लग गई। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। मृतका के बेटे की तहरीर पर थाना महुआडीह में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई

जनपद के पुलिस अधीक्षक ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। उनके निर्देशन में पुलिस टीमों का गठन कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।इसी क्रम में 17 अप्रैल 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर खड़ाईच मोड़ के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें घटना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए।

पूछताछ के आधार पर एक आरोपी की निशानदेही पर लीलापुल सीएचसी के पास स्थित एक बगीचे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (कुदाल) बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद कुदाल को कब्जे में लेकर साक्ष्य के रूप में सुरक्षित कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की घटनाओं में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय रजपुरा में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया




**नगीना, बिजनौर।** विकास खंड कोतवाली के उच्च प्राथमिक विद्यालय रजपुरा में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अमरीश कुमार मंडलीय मनोवैज्ञानिक अधिकारी मुरादाबाद तथा विशिष्ट अतिथि शरद कुमार सिंह व डायट प्रवक्ता प्रीति रानी द्वारा माँ सरस्मृती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चो ने स्कूल चलो अभियान से सम्बंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

बच्चो ने गीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्त्व को प्रभावी ढंग से दशार्या, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा ।मुख्य अतिथि मंडलीय मनोवैज्ञानिक अधिकारी अमरीश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा जीवन को सफल बनाने का सबसे महत्तवपूर्ण आधार है। उन्होंने विद्याथियो को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन बनाय रखने और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चो को प्रतिदिन विद्यालय भेंजे और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। अंत में उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बंधाई देते हुए बच्चो की उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 6, 7 व8 के विद्यार्थियो को प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खेलकूद, स्वच्छता, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष योगदान देने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कृषि क्षेत्र में राज्य पुरस्कार प्राप्त शरद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बच्चो को शिक्षा के महत्तव के बारे में बताते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम सब अपने बच्चो की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे और उन्हें प्रत्येक दिन विद्यालय भेजे।

## पूर्व सैनिक ने एसपी से लगायी गुहार

**बरहज, देवरिया।** स्थानीय क्षेत्र के पकडी तिवारी गांव निवासी सेवानिवृत सैनिक रामकरन यादव ने पुलिस अधीक्षक देवरिया को पत्रक देकर बेटी की शादी में पुलिस द्वारा किसी प्रकार के व्यवधान न डालने की गुहार लगाई है। एसपी को दिये गये पत्रक में पूर्व सैनिक ने यह बताया है कि उनके भाई गामा यादव जो डुबौली के ग्राम प्रधान है उनके व परिवार के साथ किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत संबंध नही है, उनकी बेटी की शादी अप्रैल माह मे है। शादी में पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान न किया जाय, वह स्वयं सेना मे हवलदार रहे है, वह हमेशा कानून का पालन करते रहे है। उन्होने बताया कि शादी को लेकर स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हे व परिवार को अनावश्यक रूप से परेशान न करने, अनावश्यक पुछताछ न करने की गुहार लगाई है।

## रक्तस्राव संबंधी विकारों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**बांदा।** विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर डीपीएमआई कौशल केंद्र अतर्रा, पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट एवं अपोलो टेली क्लीनिक शाखा नरैनी क्षेत्र के पनगरा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्तस्राव संबंधी विकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

केंद्र प्रभारी डॉ.रमाकांत द्विवेदी, कुमारी अंजली तिवारी ने बताया कि हीमोफीलिया एक गंभीर रक्तस्राव संबंधी बीमारी है। इसकी जानकारी के अभाव में समय पर पहचान नहीं हो पाती। प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य स्क्रीनिंग और सही निदान, मरीज की देखभाल की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बैचलर ऑफ वोकेशनल के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान रजनी देवी, वंदना देवी, शिवानी सिंह, संध्या देवी, जतिन, रोहन, किशन मिश्रा, विकास सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# 8 माह से मानदेय बकाया, पंचायत मित्रों का फूटा गुस्सा



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर सेवरही विकास खंड के पंचायत मित्रों (ग्राम रोजगार सेवकों) ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में जुटे रोजगार सेवकों ने बीडीओ सेवरही विद्यासागर गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए साफ चेतावनी दी कि अब उनकी अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय राय के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे पंचायत मित्रों ने बताया कि पिछले 8 महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। घर-परिवार चलाना तक मुश्किल हो गया है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं।प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं भी अब तक कागजों में ही कैद हैं, जिनका धरातल पर कोई असर नहीं दिख रहा। इससे पंचायत मित्रों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने वाले ही आज उपेक्षा के शिकार हैं।

**● सांकेतिक हड़ताल से हुंकार भर सरकार को चेतावनी**

रोजगार सेवकों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रखेंगे और किसी भी प्रकार का दबाव स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 25 अप्रैल तक समाधान नहीं हुआ, तो प्रदेश के हर ब्लॉक से पंचायत मित्र मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर विरोध दर्ज कराएंगे, इसके बाद बड़े स्तर पर आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। इस दौरान एपीओ अविनाश गुप्ता, लेखा सहायक गोरख कुशवाहा, ऑपरेटर पंकज तिवारी, अजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, नरेश पाल, पप्पू कुमार, विजय गुप्ता, जय शंकर शरण, मुन्ना मिश्रा, गीता गुप्ता, ब्रजेश श्रीवास्तव, बिरेंद्र, धर्मेंद्र सिंह, गिरिधर प्रसाद सहित दर्जनों पंचायत मित्र मौजूद रहे।

# लोकप्रिय भाजपा सरकार ने संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर को दिया सम्मानः मनीष जायसवाल



**कुशीनगर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के तहत पडरौना विधानसभा का विचार गोष्ठी नगर के होटल शिवराम पैलेस में आयोजित किया गया ।

मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष कुमार जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब ने शोषित समाज को उनका अधिकार दिया उनका विकास किया। भाजपा की सरकार ने बाबा साहब का सम्मान दिया जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो बाबा साहब के पांच स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया। उन्हें भारत रत्न दिया। संसद भवन में बाबा साहब की प्रतिमा को स्थापित किया।उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में एक-एक करोड़ रूपया आवंटित किया है। जिसमें प्रत्येक विधानसभा में 10 ऐसे स्थल जहां बाबा साहब, संत रविदास जैसे महापुरुषों की प्रतिमाएं लगी है। उन स्थलों को 10- 10 लाख की लगत से सुंदरीकरण किया जाएगा।

पडरौना नगर के कठकुइया मोड़ स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल सुंदरीकरण लिए 60 लाख रुपया प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया है।

कविशिष्ट अतिथि डॉ केपी गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री देवी, भाजपा जिला महामंत्री विवेकानंद शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मीनू जिंदल, ग्राम प्रधान उगनी देवी आदि ने संबोधित किया।

आभार जिला मंत्री भाजपा विश्वरंजन आनंद ने जताया। संचालन सुदर्शन पाल ने किया। इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय, जिला मंत्री कन्हैया कुशवाहा, शिव कुशवाहा, हरिओम कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रामजीत चौहान, राजकुमार चौहान, देवेश मिश्रा, मनोनीत सभासद धीरज पाठक राधेश्याम गुप्ता छोटू भारती, डीके मौर्य अरुण कुशवाहा, महेश रौनियार, प्रमोद कुमार सहित जनता जनार्दन मौजूद रहे।

## कन्हैया शर्मा व सरिता मिश्रा बीएसएनएल टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के सदस्य नामित

**कुशीनगर।** भाजपा के जिला मंत्री कन्हैया शर्मा तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री श्रीमती सरिता मिश्रा को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। उनके इस मनोनयन से पार्टी कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। दोनों नेताओं के चयन को संगठन में उनके सक्रिय योगदान और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है।

टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी में उनकी भूमिका दूरसंचार सेवाओं के सुधार और जनसरोकारों को प्राथमिकता देने में महत्वपूर्ण होगी। इनके मनोनयन पर क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि, पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा, विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ जायसवाल एवं सुरेंद्र सिंह, आईटी सेल के जिला सहसंयोजक राणा प्रताप मिश्र, श्रीमती सुनीता शाही, डा पीएन राय, वरिष्ठ नेता सत्येंद्र मिश्र, रामबृक्ष गिरी, दिवाकर मणि त्रिपाठी, मनोज चौबे, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, जिलाध्यक्ष अजय राय, पंकज कुमार पांडेय, अनिल जायसवाल, कविंद्र राय,मंडल अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह,सहित अनेक गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

संक्षेप

## शराब के नशे में बढ़ा विवाद, मारपीट

**बांदा**। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर थप्पड़ और चप्पल बरसाते दिख रहे हैं। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के कालूकुआं मोहल्ले की बताई जा रही है, जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।शुक्रवार को वायरल वीडियो में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी मारपीट करती नजर आ रही हैं। वे एक-दूसरे को मार रही हैं और चप्पलों से हमला कर रही हैं। यह घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, यह विवाद शराब के नशे में दो लोगों के बीच हुई बहस से शुरू हुआ। बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों ने एक-दूसरे पर हाथ उठा दिया। इसके बाद उनके परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर आ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और घटना की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

## पारा 45 पार स्कूली बच्चों की हालत दयनीय

**बांदा**। अप्रैल में ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है। शुक्रवार को पारा 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। शुक्रवार सुबह से ज्यादातर जनपद में तेज धूप रही है। शाम पांच बजे तक गर्म हवाएं चलती रही हैं। गुरुवार को जनपद का तापमान 44.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विज्ञानी के अनुसार शुक्रवार को पारा 45.3 दर्ज किया गया। बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार छह दिन पहले ही अधिकतम तापमान पिछले साल से ज्यादा पहुंच गया है। स्कूल जा रहे बच्चे सुबह 8 बजते ही मुंह पर कपड़े बांधे और छाते लिए नजर आते हैं। दोपहर में बच्चों की हालत दयनीय देखी जा सकती है। परिषदीय विद्यालय में हालात और खराब हैं यहां दोपहर 2 बजे के बाद अवकाश होने पर बच्चों का ठहराव कठिन हो रहा है। मौसम विज्ञानी का कहना है कि अगले तीन दिनों तक तापमान 2-3 डिग्री बढ़ेगा। इसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। हालांकि, इसकी वजह से बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन हवाओं के रुख में बदलाव आएगा। आसमान में बादल छा सकते हैं। गर्मी से हल्की राहत मिल सकती है।

## पांच जुआरी गिरफ्तार नगदी व ताश बरामद

**बांदा**। कमासिन थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआं खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 16 अप्रैल की रात ग्राम बीरा स्थित होलिका दहन मैदान के पास की गई।उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार त्यागी को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और पांच व्यक्तियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में पुष्पेंद्र, राजकुमार सैनी, मुन्ना, राजकुमार सिंह और नंदकुमार सिंह निवासी ग्राम बीरा शामिल हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कुल 2630 रुपये नगद और ताश के पत्ते बरामद किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## 15 दिनों में नयी लाइनों से शुरू होगी जलापूर्ति

ललितपुर। बढ़ती गर्मी और लगातार गिरते जलस्तर के बीच ललितपुर जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में नगर की जल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया गया है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट पर बनाए जा रहे आधुनिक की प्रगति का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए उपयोग में लाई जा रही फिटकरी और एलम की उपलब्धता और उसकी गुणवत्ता की भी बारीकी से जांच की गई। एडीएम नमामि गंगे संजय मिश्रा ने जमीनी निरीक्षण करते हुये 15 दिन का सख्त अल्टीमेटम दिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नई लाइन से जलापूर्ति अगले 15 कार्य दिवसों के भीतर हर हाल में शुरू की जाए।

# अंतर्राज्यीय गिरोह के नौ सदस्य गिरफ्तार

जिला संवाददाता

- 88 एंड्रायड, की-पैड मोबाइल, 92 मोबाइल मदरबोर्ड, 66 मोबाइल बैटरी, 20 फर्जी, कूटरचित मोबाइल, 11 हजार रुपए सहित सात दोपहिया वाहन बरामद
- साइबर अपराधियों का पर्दाफाश



**बांदा**। साइबर क्राइम पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक एवं उनकी टीम ने चोरी, खोए हुए, खराब एवं साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त मोबाइल फोन की खरीद-फरोख्त कर उन्हें तकनीकी रूप से पुनः सक्रिय कर साइबर अपराधियों को सप्लाई करने वाले संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। अंतर्राज्यीय गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार शाम पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे ग्राम चहितारा के पास कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास भारी मात्रा में मोबाइल हैं। साइबर क्राइम पुलिस थाना व विश्वविद्यालय चैकी की पुलिस टीम ने मौके पर जाकर घेराबंदी करते हुए नौ व्यक्तियों को हिरासत में लिया। उनके पास से भारी मात्रा में पुराने मोबाइल फोन, मोबाइल फोन के मदरबोर्ड, मोबाइल की बैटरी, मोबाइल के फर्जी क्रय बिल आदि बरामद हुए। इनमें 41 एंड्रायड मोबाइल फोन, 38 की-पैड फोन, 92 मोबाइल के मदरबोर्ड, 66 मोबाइल की बैटरी, 20 फर्जी, कूटरचित मोबाइल क्रय बिल, 11 हजार रुपए नकद, सात दोपहिया वाहन, नौ मोबाइल फोन जामा तलाशी से बरामद हुए। पुलिस के कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वह गांव-गांव मेंघूमकर पुराने, चोरी किए हुए, खराब एवं साइबर ठगी, फ्रॉड आदि में प्रयुक्त किए हुए मोबाइल फोन को सस्ते दामों में खरीदते थे।

डीसी मशीन का प्रयोग कर मदरबोर्ड आदि की जांच करते थे। जिन मोबाइल फोन का मदरबोर्ड सही पाया जाता था उन्हे विभिन्न साइबर ठगी के गिरोह को अच्छे दामों में बेच देते थे। साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त जिन मोबाइल फोन का ईएमईआई नंबर ब्लॉक कर दिया रहता था उन मोबाइल फोन के मदरबोर्ड व अन्य महत्वपूर्ण पाट्र्स को निकालकर उन्हे अन्य मोबाइल फोन में लगा देते थे।

अलग-अलग पाट्र्स को संयोजित कर एक नया मोबाइल फोन तैयार कर साइबर ठगी में उसका प्रयोग करते थे। राजस्थान और हरियाणा राज्य में विभिन्न साइबर ठगी के गिरोह को इस तरह के मोबाइल फोन बेचना, सप्लाई करना स्वीकार किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेशचंद्र मिश्र ने बताया कि मुस्तकीम पुत्र मुस्ताक रजा, अरमान पुत्र मुस्ताक रजा, अनमोल पुत्र मुस्ताक, असलम पुत्र भूरे, साहिल अली पुत्र शौकत अली, समीम पुत्र नवाब, रेहान पुत्र नवाब, अमिर पुत्र शौकत अली,.मुस्ताक रजा पुत्र भूरे खां निवासीगण नवाबगंज जनपद फतेहगढ़ को जेल भेज दिया है।

## मण्डी में टैक्सी चालकों की हड़ताल खत्म

ललितपुर। टैक्सी चालकों की मंडी समिति में भाड़ा बढ़ाने के लिए दो दिनों से चल रही हड़ताल गुरूवार को खत्म करा दी गई। नवीन गल्ला मण्डी में मण्डी सचिव ने व्यापारियों एवं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ मंडी समिति कार्यालय सभा कक्ष में बैठक कर सहमति कराई। इस दौरान दोनों पक्ष की सहमति से प्रति पैकेट 20 पैसे की भाडे में वृद्धि करते हुए हड़ताल खत्म कराई गई। सभी टैक्सी चालकों एवं व्यापारियों द्वारा पूर्व की तरह व्यापार संचालित कर दिया गया है। नवीन गल्ला मंडी में लोडिंग टैक्सी चालकों की हड़ताल से व्यापारी और किसान जबरदस्त परेशान हो रहे थे। हडताल के दौरान उठान न होने से पूरे मण्डी परिसर में गेहूं सहित अन्य जिंसों की हजारों बोरियां यहां से वहां रखी हुई थी। वहीं टैक्सी चालकों का कहना था कि उन्हें 60 किलो बोरी पर साढ़े पांच रुपए मिल रहे हैं, जिसे बढ़ाकर वह 6 रूपया प्रति बोरी करते हुये भर्ती 50 किलो वजन करने की मांग कर रहे थे। इस समस्या को मण्डी सचिव ने दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुये निस्तारित करा दिया ।

## संसाधन बढ़ाने व उद्योग स्थापना पर डीएम ने दिया जोर



**बांदा**। जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेट्ट सभागार में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत फसलें, पशुधन, वानिकी, मत्स्य तथा खनन क्षेत्र एवं द्वितीय क्षेत्रों में विर्निमाण, विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति, तृतीय क्षेत्र में व्यापार, मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह, वित्तीय सेवायें, आवास गृहों का स्वामित्व बढाये जाने पर जोर दिया। कहा कि इस प्रकार अर्थ व्यवस्था को बढाया जा सकता है। उन्होंने सकल घरेलू उत्पाद को बढाने एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि लाने पर भी जोर दिया। उन्होंने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाये जाने के सम्बन्ध में कृषि क्षेत्र में फसलों के उत्पादन में वृद्धि लाने तथा पशुधन एवं वानिकी तथा मत्स्य पालन के उत्पादन में वृद्धि लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2024-25 में 30.25 लाख करोड़ हो गया है। उन्होंने मत्स्य उत्पादन में वृद्धि में कमी होने पर उत्पादन बढाये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार डेरी उत्पादन में वृद्धि लाने तथा कृषि फसलों के फसलोत्पादन, निवेश में वृद्धि लाने के निर्देश दिये। निर्माण कार्यों की आय में प्रगति लाये जाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं में बैंकों से ऋण दिलाकर संचालित कराये जाने पर जोर दिया, जिससे कि स्वरोजगार को बढावा मिलेगा। उन्होंने जिला घरेलू उत्पाद एवं जिला आय को बढाये जाने पर जोर देने हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के निर्देश दिये। एक जिला एक उत्पाद में प्रगति लाने के साथ रोजगार के संसाधनों को बढाने पर भी उद्योगों की स्थापना पर प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण पीएलएफएस के तहत दिसम्बर, 2026 तक कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदनमोहन वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिल पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## अवैध नर्सिंग होम और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें: राज्य मंत्री

शहजाद अंसारी



**बिजनौर**। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी विकास योजनाओं को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर समयबद्धता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि जन सामान्य को उनका लाभ प्राप्त हो सके।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने उपभोक्ताओं द्वारा लगाए गए न्यू एडवांस विद्युत मीटर के कारण अधिक बिजली बिल आने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कहा कि उपभोक्ता के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं के बिल असामान्य रूप से अधिक आए हैं, उनके मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर आवश्यक संशोधन किया जाए। साथ ही, मीटर रीडिंग एवं बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

राज्य मंत्री ने जिले में संचालित अवैध नर्सिंग होम एवं फर्जी डॉक्टरों से अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी नर्सिंग होम एवं क्लीनिकों की अभियान चलाकर सघन जांच करना सुनिश्चित करें तथा बिना पंजीकरण संचालित हो रहे नर्सिंग होम तथा फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई करें। राज्य मंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं शिकायतों को अहमियत देते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें और उनको निस्तारण की सूचना भी उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान राज्य मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, मनरेगा, किसान सम्मान निधि सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें तथा जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा राज्य मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिये गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विकास एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण मानक एवं समयबद्धता के साथ पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक धामपुर अशोक राणा, जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चैहान, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## 41 छात्रों ने 90 अंक लेकर रचा इतिहास

जिला संवाददाता



**फतेहपुर** । सेंट मैरीज स्कूल के लिए सत्र बोर्ड परीक्षा क्षा 10वीं परिणाम ऐतिहासिक सफलता का प्रतीक बन गया है। अनुशासन, समर्पण और अथक परिश्रम के दम पर स्कूल के मेधावियों ने न केवल व्यक्तिगत स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि पूरे संस्थान का नाम रोशन किया। इस वर्ष कुल 41 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विशिष्ट उपलब्धि दर्ज की, जो स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता का जीवंत प्रमाण है।शीर्ष स्थान हासिल करने वालों में अर्पिता गुप्ता और उत्बाह अब्दुर रहमान ने संयुक्त रूप से 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। वहीं, अक्रिति गुप्ता और अनुष्का ने 95.6 प्रतिशत, जबकि कनिष्क गुप्ता ने 95.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया। अन्य उल्लेखनीय छात्रों में रिया शर्मा (94.8%), आकाश सिंह (94.2%) और प्रिया यादव (93.6%) शामिल हैं, जिन्होंने विभिन्न विषयों में पूर्णांक प्राप्त कर सभी को प्रभावित किया। कुल 120 छात्रों में से 85 प्रतिशत से अधिक ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर स्कूल के 92% पास प्रतिशत को मजबूत बनाया।स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर अरोकिया मैरी थॉमस ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ₹यह परिणाम हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का फल है। हमने कोविड के बाद की चुनौतियों के बावजूद डिजिटल लर्निंग, व्यक्तिगत ट्यूशन और मॉक टेस्ट पर विशेष जोर दिया, जिसका यह प्रतिफल है।₹ प्रबंधक फादर थॉमस पी.जे ने अभिभावकों और स्टाफ की सराहना करते हुए कहा, ₹यह सामूहिक प्रयास का परिणाम है। हमारा लक्ष्य छात्रों को न केवल अंक दिलाना, बल्कि जीवन मूल्य और नेतृत्व क्षमता प्रदान करना है।

## बजरंग दल ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता

**फतेहपुर**। फतेहपुर में बजरंग दल के कार्यकताओं ने देश की वर्तमान सामाजिक एवं सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापनजिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में कार्यकताओं ने विभिन्न घटनाओं और गतिविधियों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि देश में सामाजिक वैमनस्य बढ़ाने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता है।

इसके साथ ही कुछ मामलों का उल्लेख करते हुए महिला सुरक्षा, अवैध कब्जों और कथित आपराधिक गतिविधियों पर सख्ती बरतने की बात कही गई।कार्यकताओं ने अपनी मांगों में कहा कि ऐसे सभी आपराधिक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने, महिला एवं बालिका सुरक्षा को मजबूत करने तथा जनजातीय क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की गई।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि देश में शांति, कानून व्यवस्था और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए।इस दौरान प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, प्रांत संयोजक अजीत राज, जिला अध्यक्ष विनायक संतोष, जिला कार्याध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, जिला मंत्री लोकेश गुप्त, विभाग मंत्री पंकज, जिला अध्यक्ष खागा अजय, जिला मंत्री खागा मनोज सिंह, जिला कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, विभाग संयोजक महेश, शानू, डॉ. देवाशीष, नगर मंत्री मनमोहन, नगर सह संयोजक अनुराग गुप्त, अभिनव यादव, बबलू गुप्ता, मोनू सोनी, सुमित सोनी, मिंटू सोनी सहित विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेईस साल पहले खरीदी जमीन का फर्जी बैनामा कराकर कब्जाने का प्रयास

**ललितपुर**। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम जखौरा में धोखाधड़ी और जालसाजी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक दबंग ने 23 साल पहले जिस जमीन को बेच दिया था, उसे ही दोबारा दूसरे के नाम लिखकर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर पीड़ित के साथ मारपीट की गई। एसीजेएम न्यायालय महरौनी के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

ग्राम जखौरा निवासी भैयालाल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने और उसके भाइयों ने 2 मई 2003 को गांव के ही लल्सू से उसकी आराजी संख्या 1078 (रकवा 0.377 हेक्टेयर) का विधिवत रजिस्ट्रर्ड बैनामा कराया था। इस सौदे में हरी दास गवाह था।

तभी से प्रार्थी उस जमीन पर काबिज है और खेती कर रहा है। बताया कि 1 फरवरी 2026 को जब वह अपने खेत पर था, तब लल्सू, श्रीमती लक्ष्मी, हरी दास, सोबरन और रामसहाय वहां पहुंचे और जमीन खाली करने की धमकी दी। जब भैयालाल ने लल्सू के घर जाकर विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बाद में पता चला कि लल्सू ने धोखाधड़ी और षडयंत्र रचते हुए 10 सितंबर 2025 को उसी जमीन का दोबारा बैनामा लक्ष्मी के नाम कर दिया है। पीड़ित का आरोप है कि थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई, तो उसने एसीजेएम महरौनी की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर महरौनी पुलिस ने आरोपी लल्सू, श्रीमती लक्ष्मी, हरी दास, सोबरन और रामसहाय के खिलाफ बीएनएस की धारा 338, 336 (2), 115 (2), 352, 351 (3), 61 (2), 340 (2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## पांच दिन में जारी हो जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रः आयुक्त

- नगर पालिका में लंबित मिले 150 से अधिक आवेदन



**बांदा**। आयुक्त, चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार के संज्ञान में शिकायतकताओं द्वारा यह तथ्य लाया गया कि नगर पालिका परिषद, द्वारा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी नहीं किए जा रहे हैं। इससे आमजन को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने 17 अप्रैल, को नगर पालिका परिषद के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को मय पत्रावली के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर पत्रावलियों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान लगभग 150 आवेदन जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित पाए गए, जिस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध न होने के कारण बच्चों के विद्यालयों में प्रवेश में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है और इसे किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जा सकता। शिकायतकताओं ने यह भी अवगत कराया कि कई मामलों में बिना ठोस कारण के जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निरस्त किए जा रहे हैं।

इस पर आयुक्त ने निर्देशित किया कि किसी भी प्रमाण पत्र को निरस्त किए जाने की स्थिति में स्पष्ट एवं युक्तिसंगत कारण का अभिलेखीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही यह भी पाया गया कि संबंधित अधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद से प्रेषित सूची को समय से प्राप्त नहीं किया जा रहा है, जिससे प्रमाण पत्रों का निस्तारण प्रभावित हो रहा है। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करते हुए अधिकतम पांच दिवस के भीतर पूर्ण किया जाए। इसकी आख्या आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नगर पालिका परिषद द्वारा प्रेषित सभी सूचियों को समय से प्राप्त कर उनकी प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराई जाए, जिससे कार्यवाही में पारदर्शिता बनी रहे।

आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर लंबित प्रकरणों का निस्तारण नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की संस्तुति की जाएगी।

## अग्निसुरक्षा के प्रति निबंध प्रतियोगिता और चित्रकला का आयोजन



**बांदा**। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दृष्टिगत मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने स्कूलों-कॉलेजो आदि में मॉकड्रिल का आयोजन किया। आग से बचाव, अग्निशमन वाहनों से आग बुझाने के तरीकों के संबंध में जानकारी दी। अग्निसुरक्षा के प्रति निबंध प्रतियोगिता व चित्रकला का आयोजन कर जागरूक किया।

शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल में मॉकड्रिल एवं अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर दमकल कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं व अध्यापकगणों को अग्निशमन उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनके संचालन एवं उपयोग के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को उपकरणों का स्वयं संचालन कराकर उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाया गया, जिससे वे आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो सकें। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अग्नि सुरक्षा के प्रति अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। अग्नि दुर्घटना की स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। रेस्क्यू प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया।

## साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस बल की कार्यक्षमता और अनुशासन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर उनकी दक्षता का आकलन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड और तालमेल की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। इसके बाद उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित विभिन्न शाखाओं शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन और कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं डायल-112 के पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण करते हुये वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल सहित अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित और सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश देते हुए रिस्पॉन्स टाइम बेहतर करने पर जोर दिया गया। इसके पश्चात आयोजित अर्दली रूम में विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा विभागीय कार्यवाहियों, शिकायतों और लंबित पत्रावलियों की समीक्षा कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही परेड में शामिल पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चंद्र सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपर जिला जज अशोक भारतेंदु को एडीजीसी पंकज चौहान और स्टाफ ने दी विदाई



**बिजनौर**। अपर जिला जज अशोक भारतेंदु के स्थानांतरण हो जाने पर वरिष्ठ शासकीय अधिवक्ता एंव स्टाफ ने विदाई देते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना कर कहा कि उन्हें गर्व है की उन्हें निष्पक्ष एवंम न्यायसंगत कार्य करने वाले अशोक सर जेसे न्यायिक अधिकारी के साथ काम करने का मौका मिला और उनके सिद्धांतों पर चलने का एक अवसर मिला। अपर जिला एंव सत्र नयायाधीश अशोक भारतेंदु कोर्ट नंबर 07 का जनपद शामली के लिए स्थानांतरण होने पर अपर जिला एंव शासकीय अधिवक्ता पंकज चैहान, पेशकार फरहान अहमद, स्टेनो मोहम्मद जाहिद, हर्ष कुमार, अमित भोलू सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने एडीजे अशोक भारतेंदु को फूल मालाओं से इस्तकबाल करते हुए उनके सराहनीय कार्यों कि चर्चा की। मधुर व्यवहार से अधिवक्ताओं और न्यायिक स्टाफ का दिल जीतने वाले एडीजे अशोक भारतेंदु ने अपने कार्यकाल के दौरान सैकड़ों पीड़ितों को न्याय दिया।

## वारदाना न मिलने से खरीद हो रही प्रभावित

**ललितपुर**। ललितपुर में लगभग 50 गेहूं के क्रय केंद्र खोले गए लेकिन किसानों के गेहू की खरीद नही हो पा रही है क्योंकि इन केंद्रों पर बारदाना नहीं है,इसलिए गेहू के ढेर लगे हुए हैं या फिर ट्रैक्टर लाइन में लगे हुए हैं। किसानों का आरोप है कि वह 5 दिन से केंद्र पर गेंहू लेकर खड़े हैं। वहीं अपने गेहूं की भी जानवरों से सुरक्षा करनी है। आखिर क्रय केंद्र खुलने के पहले तैयारी पूर्ण क्यों नहीं की गई, इस पर सवालिया निशान लग रहा है। वहीं इस अधूरी तैयारी से व्यापारियों को फायदा मिल रहा है, किसान परेशानियों से बचने के लिए नुकसान झेलकर अपना गेहूं बेच रहा है। व्यापारियों का रेट 2200 के लगभग है और क्रय केंद्र पर रेट 2585 है, लेकिन वारदाना न होने से मजबूर होकर किसान को व्यापारी के पास गेंहू बेचने तो जाना ही पड़ रहा है। गत दिवस किसान दिवस में भी यह मामला जोरशोर से उठा था।

## युगपुरुष थे पं. मुकुंद लाल तिवारी : मनोज



**महोबा**। दिव्य गुणों की प्रतिमूर्ति श्रद्धेय मुकुंद लाल तिवारी की 151वीं जयंती के अवसर पर मुकुंद फाउंडेशन द्वारा मुकुंद लाल तिवारी राजकीय इंटर कॉलेज में एक वाटर कूलर भेंट किया गया। इसके साथ ही बाबूलाल तिवारी स्मृति सभागार में आयोजित समारोह में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर छात्रों को स्मृति छात्र मेधा सम्मान के साथ एनसीईआरटी पुस्तकों का वितरण किया गया। मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बताया कि मुकुंद लाल तिवारी का व्यक्तित्व बहुआयामी और प्रेरणादायक रहा है। वे वर्ष 1940 से 1947 तक नोटिफाइड एरिया महोबा के अध्यक्ष और 1937 में जिला सहकारी बैंक हमीरपुर के उपाध्यक्ष रहे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय रहा, वह डीएवी कॉलेज के संस्थापक सदस्य रहे और उनके प्रयासों से ही 1937 में कन्या पाठशाला तथा कालांतर में उनके नाम पर इंटर कॉलेज का संचालन संभव हुआ। साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में भी उनका गहरा लगाव था, जिसका प्रमाण उनकी 1912 की रचना रघुनाथ विनय शतक और 1916 से उनके निर्देशन में शुरू हुआ रामलीला मंचन है। 1924 में धर्मशाला की स्थापना कर उन्होंने सेवा का जो मार्ग प्रशस्त किया था, मुकुंद फाउंडेशन आज उसी विरासत को रक्तदान, बाल गोपाल शिक्षा योजना और पुस्तक वितरण जैसे पुनीत कार्यों के माध्यम से निरंतर जीवित रखे हुए है।

## युवक की पिटाई, जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**बांदा**। कमासिन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम कमासिन निवासी 48 वर्षीय रामदीन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल की सुबह वह अपने खेत जा रहा था। रास्ते में बगीचा के पास पहले से बैठे गांव के ही जितेंद्र ने उसे रोक लिया। किसी बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर दी। इस हमले में रामदीन को गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कमासिन में एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच उपनिरीक्षक परसनाथ यादव को सौंपी गई है।

